

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





09 बढ़ती लागत की बहस का हिस्सा बने कार्तिक ...

शास्त्री ने ऋषभ पंत को प्रेरणादायक बताया, कहा- अच्छा काम करते ... 11



वर्ष : 12 | अंक : 61 | पटना, मंगलवार, 11 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


मोदी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों के मंत्रालय का हुआ बंटवारा, राष्ट्रपति भवन के सचिवालय की ओर से जारी कर दी गई सूची

# नरेंद्र मोदी 0.3 : जेपी नड्डा को स्वास्थ्य, शिवराज को कृषि व खट्टर को आवास

## राजनाथ, शाह व गडकरी समेत पांच मंत्रियों की जिम्मेदारी में बदलाव नहीं



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिपरिषद सहयोगियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। मंत्रियों के विभागों की सूची राष्ट्रपति भवन के सचिवालय की ओर से जारी कर दी गई है। सूची के मुताबिक नितिन गडकरी को लगातार तीसरी बार सड़क परिवहन मंत्रालय सौंपा गया है।अब तक की जानकारी के अनुसार पिछली सरकार में भाजपा के पांच प्रमुख मंत्रियों के विभागों को नई सरकार में भी जस का तस रखा गया है।

इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारणम, विदेश मंत्री एस जयशंकर के नाम शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने अन्य कैबिनेट सहयोगियों के बीच भी मंत्रालय बांट दिए हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट की पहली बैठक में पीएम आवास योजना को लेकर बड़े फैसले लिए। सूत्रों के मुताबिक अजय टम्टा को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाए जाने के आसार हैं। हर्ष मल्होत्रा भी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाए गए हैं।

**सीआर पाटिल को जलशक्ति मंत्रालय, गजेंद्र शेखावत को संस्कृति-पर्यटन :** सीआर पाटिल को जलशक्ति मंत्रालय, गजेंद्र शेखावत को संस्कृति-पर्यटन और चिराग पासवान को खेल व युवा कल्याण मंत्रालय मिला है। उन्हें इसके साथ-साथ खाद्य और प्रसंस्करण मंत्रालय भी सौंपा गया है। सबार्नंद सोनोवाल को बंदरगाह और जहाजरानी, राम मोहन नायडू को नागरिक उड्डयन, किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य और भूपेंद्र यादव को पर्यावरण मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव हारने के बावजूद मंत्री बनाए गए रवनीत सिंह बिट्टू को अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय दिया गया है।

**रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे अहम विभाग भाजपा अपने पास ही रखा गया है :** राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री बरकरार रहेंगे। भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्रालय का जिम्मा मिला है। जीतनराम मांझी को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है।

**मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय मिला:** पांच बड़े मंत्रालय यानी गृह, रक्षा, वित्त, परिवहन और विदेश में कोई बदलाव नहीं किया गया है। राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री, अमित शाह गृह मंत्री, निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री और एस जयशंकर विदेश मंत्री बने रहेंगे। कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ले चुके मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और पंचायती राज मंत्रालय मिला है। अश्विनी वैष्णव को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ-साथ सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय भी दिया गया है।

**हरियाणा के पूर्व सीएम को भी अहम जिम्मेदारी मिली:** सूत्रों के मुताबिक, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और मोदी मंत्रिपरिषद में बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ लेने वाले मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा व आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय का जिम्मा मिलने के आसार हैं। उनके साथ तोखन साहू आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री और श्रीपद नाईक ऊर्जा राज्य मंत्री हो सकते हैं।

### बिहार के 8 मंत्रियों के बीच मंत्रालयों का बंटवारा

- ललन सिंह को पंचायती व पशुपालन तो चिराग को खाद्य प्रसंस्करण
- 4 केंद्रीय और 4 केंद्रीय राज्य मंत्री को दिया गया मंत्रालय
- मांझी को लघु एवं सुक्ष्म उद्योग तो गिरिराज को कपड़ा मंत्रालय का प्रभार



पटना। मोदी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों के मंत्रालय का बंटवारा कर दिया गया है। मोदी कैबिनेट में शामिल बिहार के 8 मंत्रियों के बीच मंत्रालयों का बंटवारा किया गया है। बिहार के 4 केंद्रीय मंत्रियों और 4 केंद्रीय राज्य मंत्री को मंत्रालय दिया गया है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह को टेक्सटाइल मंत्रालय मिला है। वही मुंगेर के जेडीयू सांसद ललन सिंह को पंचायती राज, मत्स्य, पशुपालन मंत्रालय, जीतनराम मांझी लघु एवं सुक्ष्म उद्योग मंत्रालय, रामनाथ ठाकुर कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, नित्यानंद राय गृह राज्य मंत्री, सतीश चंद्र दुबे कोयला एवं खनन राज्य मंत्री एवं राजभूषण चौधरी को जल शक्ति राज्य मंत्री बनाए गये हैं।

## मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा

1.नरेंद्र मोदी : प्रधानमंत्री, 2.राजनाथ सिंह : रक्षा मंत्रालय, 3.अमित शाह : गृह मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय, 4.जे.पी. नड्डा : स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, 5नितिन जयराम गडकरी : सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, 6.शिवराज सिंह चौहान : कृ षि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, 7.निर्मला सीतारमणः वित्त मंत्रालय, कॉपोर्रेट मामलों का मंत्रालय,8.डॉ. एस जयशंकर : विदेश मंत्रालय,9.मनोहर लाल : आवास और शहरी विकास मंत्रालय; ऊर्जा मंत्रालय10. एच डी कुमारस्वामी :भारी उद्योग मंत्रालय और इस्पात मंत्रालय 11.पीयूष गोयल : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय 12. धर्मेंद्र प्रधान : शिक्षा मंत्रालय 13. जीतन राम मांझी : सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय14.राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) : पंचायती राज मंत्रालय; मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय15.सबार्नंद सोनोवाल : बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय16. डॉ. वीरेंद्र कुमार:सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय17. के. राम मोहन नायडू: नागरिक उड्डयन मंत्रालय18. प्रह्लाद जोशी:उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय; नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय19.जुएल ओराव : जनजातीय मामलों के मंत्रालय20.गिरिराज सिंह कपड़ा मंत्रालय 21.अश्विनी वैष्णवः रेल एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय 22.ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया : दूरसंचार मंत्रालय, उत्तर-पूर्व राज्य विकास मंत्रालय 23.भूपेंद्र यादवपर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय 24.गजेंद्र सिंह शेखावतसंस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय25.अन्नपूर्णा देवी : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 26. किरेन रिजिजू : संसदीय कार्य मंत्रालय, अल्पसंख्यक मंत्रालय 27.मनसुख मांडविया:श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, युवा मामले और खेल मंत्रालय 28.जी किशन रेड्डी : कोयला एवं खनन मंत्रालय 29. चिराग पासवान : खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय 30. सी आर पाटिलजल : शक्ति मंत्रालय31. हरदीप पुरी : पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

**मोदी 3.0 के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

1. राव इंद्रजीत सिंह- योजना, सांख्यकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन और संस्कृति 2. डॉ. जितेंद्र सिंह- प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन 3.अर्जुन राम मेघवाल- कानून और न्याय संसदीय कार्य 4. प्रतापराव जाधव - स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और आयुष 5. जयंत चौधरी - शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता.

**केंद्रीय राज्य मंत्रीः** 1.जितिन प्रसाद : वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय; इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय 2. श्रीपद् नाईक : विद्युत मंत्रालय; नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय 3.पंकज चौधरी:वित्त मंत्रालय 4.कृष्णपाल गुर्जर : सहकारिता मंत्रालय 5. रामदास अठावले : सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय 6. रामनाथ ठाकुर : कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय 7. नित्यनांद राय : गृह मंत्रालय 8. अनुप्रिया पटेल : स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय; रसायन और उर्वरक मंत्रालय 9. वी. सोमन्ना : जल शक्ति मंत्रालय, रेल मंत्रालय10.डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी : ग्रामीण विकास मंत्रालय, संचार मंत्रालय11.एस. पी. सिंह बघेल : मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय; पंचायती राज मंत्रालय12.शोभा करंदलाजे : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय 13.कीर्तिवर्धन सिंह : पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय; विदेश मंत्रालय14.शांतनु ठाकुर : बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय15. सुरेश गोपी :पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय; पर्यटन मंत्रालय16. डॉ. एल. मुरुगनःसूचना और प्रसारण मंत्रालय; संसदीय कार्य मंत्रालय17. अजय टम्टाः सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय18.बंडी संजय कुमार:गृह मंत्रालय19.भागीरथ चौधरी : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय 20.संजय सेठ : रक्षा मंत्रालय 21.रवनीत सिंह बिट्टू ; खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ; रेल मंत्रालय 22.दुर्गा दास उइके : जनजातीय मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री 23.रक्षा निखिल खडसे : युवा मामले और खेल मंत्रालय 24. सुकांत मजूमदार : शिक्षा मंत्रालय; पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय 25.सावित्री ठाकुर :महिला और बाल विकास मंत्रालय 26.तोखन साह : आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री 27.राज भूषण चौधरी : जल शक्ति मंत्रालय 28.भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा :भारी उद्योग मंत्रालय और इस्पात मंत्रालय 29. हर्ष मल्होत्रा : कॉपोर्रेट मामलों के मंत्रालय; सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री 30.निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया :उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय 31.मुरलीधर मोहोल : सहकारिता मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय 32.जॉर्ज कुरियन : अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय; मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री 33.पबित्रा मार्गेरिटा : विदेश मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय 34.बी.एल. वर्मा : उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय; सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय 35.कमलेश पासवान : ग्रामीण विकास मंत्रालय 36.सतीश चंद्र दुबे : कोयला मंत्रालय, खान मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वाले

## दिल्ली से पटना लौटे सीएम नीतीश हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत

प्रात : किरण



पटना। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने और एनडीए की सरकार बनने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार की सुबह पटना लौट आए। पटना हवाई अड्डे के बाहर जदयू के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उनके स्वागत के लिए खड़े थे और उनके पक्ष में जमकर नारे लगाए। मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना पाकर काफी संख्या में जदयू के नेता और कार्यकर्ता पहले से ही पटना हवाई अड्डा के बाहर जमा हो गए थे और अपने नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इंतजार कर रहे थे। नीतीश कुमार जैसे ही हवाई अड्डा से बाहर निकले, जदयू कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया और उनके पक्ष में जमकर नारे लगाए। मुख्यमंत्री हवाई अड्डे से सीधे मुख्यमंत्री आवास के लिए निकल गए। उन्होंने गाड़ी से ही लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान रास्ते में भी कार्यकर्ता उनके स्वागत में खड़े दिखे। इस लोकसभा चुनाव में जदयू का कद बढ़ गया है। बतौर एनडीए घटक दल जदयू 16 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और 12 सीटों पर उसे सफलता मिली है। एनडीए ने बिहार में 30 सीटों पर जीत दर्ज की है। भाजपा के अकेले बहुमत का आंकड़ा नहीं मिलने के कारण जदयू का महत्व काफी बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में जदयू के कार्यकर्ता उत्साहित हैं। रविवार को प्रधानमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में नीतीश कुमार शामिल हुए थे। मोदी मंत्रिमंडल में जदयू के दो सांसदों को शामिल किया गया है।

## 13 विस सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

### 10 जुलाई को मतदान, गिनती 13 को होगी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। इसके तहत 10 जुलाई को मतदान होगा जबकि वोटों की गिनती 13 जुलाई को होगी। ये उपचुनाव मौजूदा सदस्यों की मृत्यु या इस्तीफे के कारण खाली हुई सीटों को भरने के लिए कराए जा रहे हैं। जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें रूपौली बिहार, रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला सभी पश्चिम बंगाल, विक्रवंडी तमिलनाडु, अमरवाड़ा मध्य प्रदेश, बद्रीनाथ और मंगलौर उत्तराखंड, जालंधर पश्चिम पंजाब और देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। चुनाव के लिए अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है, 24 जून को चुनाव पत्रों की जांच होगी और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। उपचुनाव के तहत मतदान 10 जुलाई को होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपचुनाव की प्रक्रिया 15 जुलाई से पहले पूरी की जानी है।

विधानसभा उपचुनाव का पूरा कार्यक्रम : अधिसूचना जारी होने की तिथिः 14 जून, नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीखः 21 जून, नामांकन पत्रों की जांच : 24 जून, उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथिः 26 जून, मतदान की तिथिः 10 जुलाई, नतीजेः 13 जुलाई।

मोदी सरकार 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक में आवास योजना से जुड़ा बड़ा एलान

# पीएम आवास योजना के तहत देश में बनेंगे 3 लाख नए घर

## योजना के तहत सभी घरों में एलपीजी और बिजली कनेक्शन होंगे

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। मोदी सरकार 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान आवास योजना से जुड़ा बड़ा एलान किया गया है। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण को कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी है। योजना के तहत बने सभी घरों में एलपीजी और बिजली कनेक्शन होंगे। इन घरों का निर्माण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होगा। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आज की बैठक में पीएम आवास के तहत घरों के निर्माण के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इससे पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। भारत सरकार 2015-16 से प्रधान मंत्री आवास योजना लागू कर रही है ताकि बुनियादी सुविधाओं के साथ घरों के निर्माण के लिए पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता प्रदान की जा सके। पीएमएवाई के तहत, पिछले 10 वर्षों में आवास योजनाओं के तहत पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर पूरे किए गए हैं। पीएमएवाई के तहत निर्मित सभी घरों को केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं की मदद से घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन आदि जैसी अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक शुरू हुई।

प्रधानमंत्री के आवास पर हो रही इस बैठक में अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान और एचडी कुमारस्वामी समेत सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही बड़े फैसले ले लिए हैं। कैबिनेट मीटिंग से पहले आज पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्ट जारी करने का आदेश दिया था। इस आदेश को लेकर पीएम मोदी ने अधिकारिक एक्स हैंडल ट्वीट किया। जिसमें उन्होंने लिखा देशभर के अपने किसान भाई-बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद पहला काम उनके लिए ही करने का अवसर मिला है। इसके तहत पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर किया, जिसका लाभ देश के मेरे 9 करोड़ से ज्यादा अन्नदाताओं को होगा। आने वाले समय में हम किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहेंगे।

### भारत को विकसित बनाने के लिए अपने आपको खपा दें कर्मचारी: मोदी

#### पीएम ने प्रधानमंत्री कार्यालय के कर्मचारियों को किया संबोधित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय के कर्मचारियों से विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपने आप को खपा देने का आह्वान किया है। श्री मोदी ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद अपराह्न प्रधानमंत्री कार्यालय के कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम को ऐसे लोगों की जरूरत है जो देश को विकसित बनाने के लिए दिन रात कार्य कर सकें और इस लक्ष्य के लिए अपने आप को खपा दें। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष से इस टीम में काम करने वाले जो कर्मचारी अब कहीं ओर जाना चाहते हैं उन्हें वह शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि वह टेलीविजन के माध्यम से उनकी बात सुनने वाले अन्य कर्मचारियों को इस टीम में शामिल होने आह्वान करते हैं, उन्हें निमंत्रण देते हैं। उन्होंने कहा, जो कर्मचारी पिछले दस वर्षों से पीएमओ में कार्य कर रहे हैं और कहीं दूसरी जगह जाना जाते हैं उन्हें मेरी और से शुभकामनाएं हैं। आपने इतना किया इसके लिए धन्यवाद है। जो आज टी वी पर मेरी बात सुनकर आना चाहते हैं जो मन भाव से खप जाना जाता है पांच साल। आईए निमंत्रण है। हमारा एक ही लक्ष्य है राष्ट्र प्रथम, एक ही इरादा 2047 तक विकसित भारत। मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि मेरा पल पल देश के नाम है। मुझे अपनी टीम से 2047 तक दिन रात काम करने की अपेक्षा है। गलती के बिना यदि मैं अपना काम समय पर कर देता हूं तो यह अच्छी चीज है लेकिन इसमें परिपूर्णता नहीं है। मैंने उसमें क्या अतिरिक्त जोड़ा है यह महत्वपूर्ण है। यदि हम इस भाव से काम करेंगे तो अगले पांच वर्षों में हम सपनों को पूरा कर सकते हैं। मेरा दस साल का अनुभव है हमने जो तय किया उसे हम सब ने मिलकर पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका शुरू से प्रयास रहा है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान और लोगों का पीएमओ बने। उन्होंने कहा कि सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है। उन्होंने कहा, हमारी टीम के लिए ना तो समय का बंधन है, ना सोचने की सीमाएं और ना ही पुरुषार्थ के लिए कोई तय मानदंड। श्री मोदी ने कहा कि हमें अपनी मेहनत से देश को वहां पहुंचाना है जहां कोई नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान उन्होंने अपने भीतर के विद्यार्थी को मरने नहीं दिया।


बिहार सरकार

वाणिज्य-कर विभाग

माल और सेवा कर अधिनियम (GST) के अन्तर्गत निबंधित सामान्य एवं QRMP करदाता अपनी GSTR-1 विवरणी समय पर दाखिल करें।

GSTR-1 दाखिल करने की नियत तिथि


सामान्य करदाता– प्रत्येक महीने के लिए अगले महीने की 11 तारीख़

QRMP करदाता– प्रत्येक तिमाही के लिए त्रैमास समाप्ति के बाद वाले महीने की 13 तारीख़

- कर भुगतान करने वाले सामान्य एवं QRMP करदाता GST Common portal **www.gst.gov.in** पर login करते हुए GSTR-1 दाखिल करें।
- GSTR-1 दाखिल करने में आने वाली समस्या के समाधान हेतु विभागीय हेल्पडेस्क या स्थानीय विभागीय कार्यालय में कार्यरत facilitation Centre से सम्पर्क कर सकतें हैं।
- ***Help desk Nos.0612-2233512, 2233513, 2233514, 2233515, 2233516.***

कृपया ध्यान रखें

GSTR-1 समय पर दाखिल करना प्रत्येक निबंधित सामान्य एवं QRMP करदाता का वैधानिक दायित्व है, जिसका उल्लंघन विधिक कार्रवाई को आकृष्ट करता है।




राज्य–कर आयुक्त–सह सचिव

वाणिज्य–कर विभाग, बिहार, पटना

PR No.- 001485 (Commercial Tax)D. 2024-25

## संक्षिप्त खबरें

### एक युवक को बीस पुड़िया गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया

दानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत। अनुमंडलीय अस्पताल मोड़ से एक युवक को बीस पुड़िया गांजा के साथ गिरफ्तार किया। गया थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक लाल कोठी निवासी मो हासिम है।वह घुम घुमक्ड़ गांजा बेचता था। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दी गई है

### अकीदतमंदों ने उर्स पर चादरपोशी कर की दुआ

पटना सिटी (प्राकि)। सुल्तानगंज स्थित दरगाह शाह अरजां में आफताब शरीयत हजरत दीवान शाह अरजानी के 417वां उर्स मनाया गया। सोमवार गद्दीनशीं सैयद प्रो शाह हसीन अहमद की अध्यक्षता में आयोजित उर्स में जायरीनों ने चादरपोशी कर अमन-चैन व समाज की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर दो सत्र में सेमिनार गद्दीनशीं की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन प्रो अब्दुल खालिक रशीद व प्रो जैन रामिश ने किया। आयोजन में प्रो हकनुल कासमी, डॉ. रेहान गनी, डॉ मो सादिक हुसैन, मौलाना डॉ हसन रजा, डॉ मशकूर मोइनी, डॉ फिरोज आलम, मौलाना अमानत हुसैन और मौलाना मुराद रजा ने सूफी-संतों का जीवन दर्शन अनुकरणीय बताया। प्रवक्ता सैयद शाह जिशान अहमद ने बताया कि आखिरी दिन महफिल ए शमा के अलावा कुल, फातिया, चादरपोशी, जुलूस ए गद्दी समेत अन्य कार्यक्रम होगा। इसमें देशभर से आए अकीदतमंद शामिल हुए।

### मल्लिक जी की कलाकारी में होशियारी नहीं थी : डॉ आरके

पटना सिटी (प्राकि)। ध्रुपद के शिखर गायक पद्मश्री रामकुमार मल्लिक के (दरभंगा घराना) गायन में जहां ईमानदारी और निष्ठा का समावेश था, ठीक दूसरी ओर उनकी कलाकारी में नाममात्र की होशियारी नहीं थी। कृषक मिजाज के साथ ही ध्रुपद गायिकी में हिन्दुस्तान में कोई इनका सानी नहीं था' विगत दिनों इनके पिता विदुर मल्लिक की पुण्यतिथि पर डॉ नाहर तबला वादन करने गए थे। श्री मल्लिक की महानता इस बात से स्पष्ट होती है कि उन्होंने इनके वादन को उत्कृष्ट वादन की संज्ञा दी और कहा कि बायां डुग्गी से ध्रुपद अंग का बजाना अद्भुत है। यह बिरले में पाया जाता है। मल्लिक ने उन्हें सीने से लगा लिया' यह बात सोमवार को स्वरांजलि द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा मं दूरदर्शन और आकाशवाणी, पटना के निदेशक डॉ राज कुमार नाहर ने रामकुमार मल्लिक के असामयिक निधन पर संस्मरण सुनाया और उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि इतना सच्चा कलाकार अब इस सृष्टि में नहीं मिलेगा। संगीत मर्मज्ञ डॉ ध्रुव कुमार ने कहा कि मल्लिक जी का निधन वैश्विक क्षति है। ध्रुपद गायन का बिहार से अध्याय समाप्त हो गया।

# सेंटरफॉरकेटेलाईजिंगचेंजद्वाराराज्यके3837 मुखिया 1552 सरपंच का किया उन्मुखीकरण

## स्वास्थ्य एवं सामाजिक मुद्दों पर किया गया उन्मुखीकरण

प्रात :किरण संवाददाता

पटना- राज्य में कुल प्रजनन दर में गिरावट दर्ज की जा रही है और यह महिलाओं में परिवार नियोजन के मामलों में महिलाओं की बढ़ते सहभागिता के कारण संभव हो सका है. पंचायती राज प्रतिनिधियों की समाज के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य, पोषण एवं परिवार नियोजन के बारे जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका मानी जाती है. राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पंचायती राज विभाग एवं सेंटर फॉर केटेलाईजिंग चेंज द्वारा राज्य के 32 जिलों के 3837 मुखिया 1552 सरपंच का स्वास्थ्य, पोषण एवं पंचायती राज्य संस्थाओं के संचालन को लेकर जून 2022 से मार्च 2024 तक उन्मुखीकरण किया गया. कार्यशाला में महिला प्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. कार्यशाला में 46 फीसदी महिला मुखिया एवं 40 फीसदी महिला सरपंच की उपस्थित रहीं।



कार्यशाला से हुआ लाभः

सेंटर फॉर केटेलाईजिंग चेंज द्वारा राज्य स्वास्थ्य समिति को प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट के अनुसार प्रमुख बिन्दुओं को समझने में एवं समुदाय तक इनका लाभ कैसे पहुंचे, इसमें पहले के मुकाबले में उनकी समझ में 20 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी. ऐसा प्रत्येक कार्यशाला की शुरूआत में प्री टेस्ट एवं कार्यशाला के उपरांत पोस्ट टेस्ट में उनकी जवाबों का आंकलन कर नतीजे पर पहुंचा गया. सबसे अधिक वृद्धि परिवार नियोजन के विषयों पर दर्ज की गयी।

विभिन्न गतिविधियों का किया गया आयोजनः

एक दिवसीय कार्यशाला के बाद प्रशिक्षित पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा कुल 991 सास बहु बेटी सम्मलेन का आयोजन किया गया, 309 परिवारों के बीच नयी पहल किट का वितरण संपन्न किया गया, 268 प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य कैम्प के आयोजन में सहयोग दिया, 1769 विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर परिवार नियोजन सम्बन्धी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई, 1631 ग्राम पंचायतों द्वारा मातृत्व स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन आवश्यकताओं सम्बन्धी मूद्दों को ग्राम पंचायत विकास योजना में जोड़ा गया जिसके फलस्वरूप 12 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत की गयी, परिवार नियोजन पखवाड़ा के दौरान 1377 समुदाय स्तर के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को परिवार नियोजन की महत्ता पर जागरूक किया गया इत्यादि शामिल रहे।

उत्साहवर्धक नतीजे हुए प्राप्तः

सेंटर फॉर केटेलाईजिंग चेंज के बिहार राज्य प्रमुख प्रकाश रंजन ने बताया कि उन्मुखीकरण कार्यशाला द्वारा स्वास्थ्य एवं सामाजिक मुद्दों पर मुखिया एवं सरपंचों का क्षमतावार्धन किया गया. उन्होंने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति, पंचायती राज विभाग एवं सेंटर फॉर केटेलाईजिंग चेंज की साझेदारी से स्वास्थ्य, पोषण एवं सामाजिक मुद्दों पर आयोजित की गयी विभिन्न कार्यशालाओं द्वारा उत्साहवर्धक नतीजे प्राप्त हुए और यह सबके सहयोग से संभव हो सका।

# पूर्व मध्य रेल के प्रमुख स्टेशनों पर लगाए गए 33 एस्केलेटर एवं 49 लिफ्ट



प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा हेतु कई कदम उठाए गए हैं ।इसी कड़ी में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर आने-जाने में सुविधा हेतु प्रमुख स्टेशनों पर एस्केलेटर एवं लिफ्ट लगाए गए हैं । इससे वरिष्ठ नागरिक, महिला एवं दिव्यांगजन विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं । पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रमुख स्टेशनों पर अब तक 33 एस्केलेटर तथा 49 लिफ्ट लगाए जा चुके हैं । इसके अलावा विभिन्न स्टेशनों पर और 35 एस्केलेटर एवं 34 लिफ्ट लगाए जाएंगे। पटना जं. पर 06, पाटलिपुत्र, राजेंद्रनगर टर्मिनल, आरा, बक्सर, गया, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, धनबाद स्टेशनों पर 02-02, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशनों पर 04-04 तथा दरभंगा स्टेशन पर 05 एस्केलेटर सहित कुल 33 एस्केलेटर लगाए जा चुके हैं । जबकि पटना जं. में 04 एवं हाजीपुर में 02 एस्केलेटर लगाने का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त दानापुर मंडल के पटना जं., पटना साहिब दानापुर, आरा स्टेशनों पर 02-02 एस्केलेटर, धनबाद मंडल के पारसनाथ, गढ़वा रोड तथा डालटनगंज में 02-02 तथा कोडरमा में 04 एस्केलेटर, पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के सासाराम एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. पर 02-02, सोनपुर मंडल के मुजफ्फरपुर एवं खगड़िया स्टेशनों पर 02-02 तथा समस्तीपुर मंडल के सहरसा स्टेशन 02 एवं दरभंगा स्टेशन पर 01 एस्केलेटर सहित कुल और 29 एस्केलेटर लगाए जाएंगे । इसी तरह दानापुर मंडल के पटना, राजेन्द्रनगर, पाटलिपुत्र एवं बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गया, सासाराम, अनुग्रह नारायण रोड एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., सोनपुर मंडल के हाजीपुर, सोनपुर, मुजफ्फरपुर एवं बरौनी, समस्तीपुर मंडल के दरभंगा, समस्तीपुर, सहरसा, नरकटियागंज, बेतिया, मधुबनी स्टेशन तथा धनबाद मंडल के धनबाद, कोडरमा एवं डालटनगंज स्टेशनों पर कुल 49 लिफ्ट लगाया जा चुका है । जबकि पटना में 04, राजेंद्रनगर टर्मिनल में 01, पटना साहिब में 02, दानापुर में 04, आरा में 02, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. में 02, सासाराम में 01, अनुग्रह नारायण रोड में 01, डेहरी ऑन सोन में 02, खगड़िया में 02, रक्सौल में 02, जयनगर में 02, धनबाद में 01, कोडरमा में 02, गोमो में 02, पारसनाथ में 02 तथा सिंगरौली में 02 लिफ्ट सहित कुल 34 लिफ्ट लगाने का कार्य प्रगति पर है ।

# ग्रामीणों ने जमकर हंगामा व पीएचडी कर्मियों के खिलाफ प्रदर्शन किया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत। भीषण गर्मी का महीना चल रहा है। ऐसी स्थिति में जल के बिना जीवन संभव नहीं है। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र व शाहरी क्षेत्र के लोगों के हलक को तर करने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से लगायी गयी नल जल योजना धरातल पर पूरी तरह फेल होते दिख रही है। नगर परिषद के अंतर्गत पूरे खगौल में पानी की किल्लत दिख रही है वही लखनीबिगहा पंचायत के आदमपुर गांव के ग्रामीणों दो माह से पानी के लिए तरस रहे है। उनके घरों में सप्लाई होने वाली पाइप में कही खराबी है इसकी दुरूस्त करने की शिकायत करते करते थक गये।

सोमवार को उनका सब्र का बांध टूट पड़ा व ग्रामीणों ने जमकर कर हंगामा व संबंधित पीएचडी कर्मियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। जानकारी देते हुए वार्ड सदस्य प्रतिनिधी ललीत साव, चंदन कुमार, राहुल कुमार आदी ने बताया कि उनका गांव आदमपुर में नल जल योजना के माध्यम से प्रत्येक घरों में पानी की सप्लाई की गई थी। मगर दो माह से उनके घरों में पानी नहीं आ रहा है। इस भीषण गर्मी में आसपास के चापाकल भी सूख चूके है।

मजबूरन जिनके घरों में समरसेबल मोटर है उनसे बिजली बिल का पैसा देकर पानी भरना पड़ रहा है। उन लोगों ने पानी सप्लाई की शिकायत संबंधित मोटर ऑपरेटर व देखरेख करने वाले संवेदक से करके थक चूके है। उनके तरफ से सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। थक हारकर ग्रामीण हंगामा करने पर मजबूर हुए है। जल्द उनकी समस्या दूर नहीं की गई तो वे सड़क पर उतर प्रदर्शन करने पर मजबूर होगे। वहीं हाल द्वारिकापुरी कॉलोनी का है। जहां सैकड़ों घरों में पानी सप्लाई महिनों से बंद पड़ा है। इस संबंध में योजना से संबंधित संवेदक मुन्ना कुमार द्वारा बताया कि जगह जगह सड़क व नाला का निर्माण होने से पानी सप्लाई पाइप अवरूद्ध हो गया है। शिकायत मिली है। जल्द दुरूस्त कर दिया जाएगा।

# बिहार में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और हस्तशिल्प के क्षेत्र में अपार संभावनाएं-सुजीत निराला

## विदेश व्यापार पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने सीआईएमपी-बीआईआईएफ के सहयोग से बिहब मौर्यलोक कंप्लेक्स पटना में विदेश व्यापार पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को भारत सरकार के विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) द्वारा समर्थित किया गया था।कार्यक्रम के वक्ताओं में सुजीत कुमार निराला - एफटीडीओ, डीजीएफटी, डॉ. (प्रो) राणा सिंह - निदेशक, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना, कुमोद कुमार - सीईओ सीआईएमपी बीआईआईएफ, नीलेश किशोर - फाल्कन कॉनड और श्री प्रणब सिंह - रेजिडेंट डायरेक्टर, पीएचडीसीसीआई बिहार शामिल थे।



सीआईएमपी बीआईआईएफ के सीईओ श्री कुमोद कुमार ने सभी प्रतिभागियों और वक्ताओं का स्वागत किया और उद्घाटन भाषण दिया। प्रोफेसर डॉ. राणा सिंह ने बिहार में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ाने के लिए निर्यात के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न नीतियों के माध्यम से बिहार में उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए बिहार सरकार द्वारा की गई पहल की भी सराहना की। सुजीत कुमार निराला - एफटीडीओ डीजीएफटी ने प्रतिभागियों को निर्यात बंधु योजना, ईपीसीजी, आरओडीटीईपी, अग्रिम प्राधिकरण सहित कई अन्य डीजीएफटी की विभिन्न नीतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने निर्यात बाजार में विशेष रूप से बिहार से कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, कपड़ा और हस्तशिल्प में उपलब्ध अवसरों के बारे में भी जानकारी दी।

80 से अधिक जिज्ञासु स्टार्टअप और उद्योगों ने भौतिक और वस्तुतः सत्र में भाग लिया और निर्यात से संबंधित कई प्रश्न पूछे।

पीएचडीसीसीआई के श्री प्रणब सिंह ने बिहार के उद्योगों और स्टार्टअप की बेहतरी के लिए डीजीएफटी और अन्य संबंधित विभागों के साथ नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया है।

# लालू के लिए फर्स्ट पोस्ट, फर्स्ट परिवार : प्रभाकर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि लालू प्रसाद के लिए ह्यफर्स्ट पोस्ट, फर्स्ट परिवारह्न है। वे इस अवधारणा के प्रतिपादक और अग्रदूत हैं। सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद ने अपने राजनीतिक जीवन में सिर्फ अपने परिवार के लिए काम किया। जाति के नाम पर लोगों को सिर्फ बरगलाया और परिवार के अलावा अपनी जाति के एक व्यक्ति का भी हित नहीं किया। लालू ने लोकसभा चुनाव में अपनी दो-दो बेटियों को टिकट दिया, क्या पाटलिपुत्र और सारण से राजद के कोई ओर नेता व कार्यकर्ता नहीं थे। अपने 10वीं फेल बेटे को उपमुख्यमंत्री बनाया और दूसरे बहुरुपिए बेटे को मंत्री। जब खुद जेल गए, तो अनपढ़ पत्नी को मुख्यमंत्री बना दिया। परिवारवाद का कीर्तिमान स्थापित करने वाले लालू प्रसाद को अब बड़ी पुत्री को लोकसभा में राजद संसदीय दल का नेता बना देना चाहिए। इससे लालू की ह्यफर्स्ट पोस्ट, फर्स्ट परिवारह्न की अवधारणा और मजबूत होगी। उनके लिए तो बेटियां प्राण दायिनी हैं।

# डीएम ने जिला कोषागार का निरीक्षण कर उत्कृष्ट कार्यालय प्रबंधन पर खुशी जताया

## पेंशनरों की कुल संख्या 61,165 में 58,487 पेंशनर बिहार व 2,678 पेंशनर अन्य राज्यों के




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जिला पदाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने सोमवार को जिला कोषागार का निरीक्षण किया। यहां डीएम ने सबसे पहले कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। इसके बाद कोषागार के विभिन्न कक्षों एवं शाखाओं का निरीक्षण किया। श्री शीर्षत ने सीएफएमएस, स्थापना, पेंशन, अंकेक्षण, लेखा, सेवापुस्त का संधारण, रोकड़ बही, ब्रजगृह आदि खाताओं का संधारण सहित विविध पंजियों का अवलोकन किया। यह कोषागार पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत है। यहां सीएफएमएस सॉफ्टवेयर 19 जनवरी, 19 से प्रारम्भ किया गया। इसके माध्यम से संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (डीडीओ) अपने कार्यालय से ही कोषागार में ऑन लाइन विपत्र समर्पित करते हैं। वरीय कोषागार पदाधिकारी ने डीएम के संज्ञान में लाया कि इस कोषागार के अधिन 586 डीडीओ है। उन्होंने बताया कि कोषागार द्वारा विहित प्रावधान के अनुसार सेवानिवृत्त/ पारिवारिक पेंशन का प्रतिदिन निष्पादन किया जा रहा है।

वर्तमान में बैंकों से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों की कुल संख्या 61,165 है। इसमें 58,487 पेंशनर बिहार राज्य एवं 2,678 पेंशनर अन्य राज्यों के हैं। एक अप्रैल, 19 से सभी पेंशनरों को कोषागार से ही सीएफएमएस के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। उक्त तिथि से आठ अप्रैल, 24 तक कुल 8,325 पीपीओ पेंशन भुगतान को प्राप्त हुए हैं। इसमें 7,627 बिहार राज्य एवं 698 अन्य राज्यों के पेंशनर हैं। कोषागार द्वारा 8,114 पीपीओ को निष्पादित कर दिया गया। डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने वरीय कोषागार पदाधिकारी को शेष 211 लंबित पीपीओ को भी विशेष प्रयास कर निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीएम के साथ सुश्री अंजली शर्मा, भाप्रसे, विशेष कार्य पदाधिकारी संजय कुमार वर्मा एवं अन्य उपस्थित थे।

# बिजनेस ईन बिहार द्वारा आयोजित समारोह में स्वास्तिक इंटरनेशनल स्कूल सम्मानित



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी ।प्रखंड क्षेत्र के बारा स्थित स्वास्तिक इंटरनेशनल स्कूल बारा को बिजनेस ईन बिहार द्वारा रविवार को पटना के होटल मौर्या में आयोजित बिहार स्टार्टअप कानक्लेव ऑफ एडुकेशन एंड आइकॉनिक पर्सनैलिटी ऑफ भारत समारोह में बेस्ट स्कूल ऑफ प्राइमरी एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया` मौके पर विद्यालय के निदेशक रघुवेन्द्र कुमार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बॉलीवुड के प्रसिद्ध एक्ट्रेस आद्या शर्मा ने ट्राफी आदि देकर सम्मानित किया` इधर सम्मान मिलने के बाद सोमवार को विद्यालय परिवार द्वारा भी समारोह आयोजित कर उन्हें गुलदस्ता आदि भेंटकर स्वागत किया गया। समारोह के दौरान निदेशक रघुवेंद्र ने शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं तथा छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस सम्मान हासिल करने का श्रेय पूरा विद्यालय परिवार को जाता है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद बिहार का एकलौता विद्यालय को यह सम्मान मिला है। विदित हो कि बिजनेस ईन बिहार द्वारा इस अवार्ड से सम्मानित होने वाले स्वास्तिक इंटरनेशनल स्कूल बिहार के पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल का एकमात्र पब्लिक स्कूल है जिसे पूर्व में कई जिला स्तरीय व राज्यस्तरीय सम्मान भी मिला है` विद्यालय के बच्चों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में विशिष्ट उपलब्धि हासिल कर कम समय में कई सम्मान हासिल किया है।स्कूल को सम्मान मिलने के बाद कई शिक्षाविदों ने बधाई दी है ।

# गर्मी में पर्यवेक्षण गृह में कूलर, स्टैंड फैन व वॉटर चिलर की व्यवस्था करें : डीएम

## बच्चों की संख्या कम करने, पर्याप्त सुरक्षा व व्यावसायिक शिक्षा पर जोर देने का निर्देश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



जिला एवं सत्र न्यायाधीश रुपेश देव एवं डीएम शीर्षक कपिल अशोक द्वारा पर्यवेक्षण गृह एवं विशेष गृह (गायघाट) का निरीक्षण सोमवार को किया गया। इस दौरान अनेक महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षण गृह के अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि तेज गर्मी को ध्यान में रखते हुए बच्चों के लिए जरूरी संख्या में कूलर, स्टैंड फैन एवं वॉटर चिलर की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए भी निर्देश दिए गए। साथ ही भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए बालकों को नियमित चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। वर्तमान में पर्यवेक्षण गृह में विभिन्न आयु वर्ग के कुल 102 बच्चे एवं विशेष गृह में छह बच्चे आवासित हैं। इनमें से 56 विधि विरुद्ध बालक पर्यवेक्षण गृह, आरा के बंद होने के बाद विभाग के निदेर्शानुसार पटना में आवासित हैं। डीएम के द्वारा पर्यवेक्षण गृह में गृह आवासन क्षमता के अनुपात में बच्चों की संख्या घटाने के लिए सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम के द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत, गुलजारबाग डिवीजन को निर्देशित किया गया कि विद्युत खपत के अनुपात में मीटर की लोडिंग क्षमता बढ़ाई जाए। पर्यवेक्षण गृह में सुरक्षा व्यवस्था एवं बच्चों के उपस्थापन को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की नियुक्ति के लिए भी अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार पटना के सचिव, प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय परिषद एवं सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई भी उपस्थित थे।

# गुरु अर्जुनदेव जी के शहीदी पर्व पर तख्तश्री पटना साहिब में धार्मिक आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब कमेटी के द्वारा पांचवें गुरु श्री अर्जुनदेव जी के शहीदी पर्व पर धार्मिक आयोजन किया गया। इसदौरान दरबार साहिब में धार्मिक आयोजन हुआ और जगह-जगह मीठे छबील व चना की सेवा लोगों को दी गई। तख्तश्री के दरबार साहिब में विशेष दीवान सजा ।तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां पिछले 40 दिनों से स्त्री जत्था के द्वारा सुखमणि साहिब का पाठ शहीदी पर्व को समर्पित होकर किया जा रहा था। इसकी समाप्ति हुई। दरबार साहिब में भाई गुरदीप सिंह (जमशेदपुर) के अलावा तख्त साहिब के हजूरी रागी जत्था भाई ज्ञान सिंह, भाई कविन्दर सिंह, भाई जोगिन्दर के जत्थों के द्वारा कीर्तन संगतों को श्रवण कराया गया। भाई सुखदेव सिंह और भाई गगनदीप सिंह के द्वारा गुरु साहिब की शहादत के संबंध में कथा करते हुए संगत को बताई गई। इसके पूर्व अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में पिछले दो दिनों से चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब का समापन हुआ। तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह के द्वारा अरदास की गई। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर चला। तख्त साहिब के मेन गेट पर ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। इधर गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में भी धार्मिक आयोजन किया गया। यहां चल रहा है श्री अखंड पाठ की समाप्ति के बाद अरदास किया गया। इसके बाद यहां चना और मीठे छबील की सेवा संगतों एवं आम लोगों को उपलब्ध कराई गई। इस दौरान बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा चमकौर सिंह, बाबा गुरबंत सिंह, बाबा मंजिंदर सिंह, बाबा गुरजीत सिंह, बाबा बलजीत सिंह, प्रबंधक राजन सिंह आदि मौजूद रहे। इसी तरह बाबा हरबंश सिंह कारसेवा दिल्लीवाले के द्वारा भी कचौड़ी गली मोड पर छबील की सेवा की गई। चौक रामबाग कपड़ा मंडी के पास एवं अन्य दर्जनाधिक स्थानों पर की संगतों के बीच छबील की सेवा की गई। गोविंद सेना की राजेश सिंह अकाली, दया सिंह, शेर सिंह, अमरजीत सिंह, सरदार त्रिलोक सिंह निषाद, सतनाम बग्गा आदि ने शिविर लगा छबील की सेवा दी।



# जुल्म सितम सहा, फिर भी कहा तेरा किया मीठा लागे

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री गुरु अर्जुनदेव जी को जिस दिन गर्म तबे पर बिठाया गया था, उसी शाम को गुरु जी को वापस जेल में डाल दिया गया। वहां सख्त पहरा लगा दिया गया कि कोई भी उनसे मिल न सके। उस समय चंदू लाहौर का नवाब था। उसी के हुकुम से यह सब हूआ था। उसी रात को चंदू की पत्नी, उनका पुत्र कर्मचंद और पुत्रवधू गुरु अर्जुनदेव जी से मिलने जेल मे गए। सिपाहियों ने उन सबों को आगे नहीं जाने दिया। इस पर चंदू की पत्नी और पुत्रवधू ने अपने सारे जेवरात उतार कर सिपाहियों को दे दिए और उस जगह पहुंच गए, जहां गुरु जी कैद थे। जब चंदू के परिवार ने गुरु जी की हालत देखी, तो सभी रोने लगे कि इतने बड़े महापुरुष के साथ ऐसा सलूक किया गया? तब चंदू की पत्नी ने कहा कि गुरुजी वह आपके लिए ठंडा मीठा शरबत लेकर आई है। कृपया कर शरबत पी लीजिए। यह कहते हुए शरबत का गिलास गुरुजी के आगे रख दिया गया। इस पर गुरु जी ने मना कर दिया और कहा कि हम प्रण कर चुके हैं कि हम चंदू के घर का पानी भी नहीं पिएंगे। यह सुन कर चंदू की पत्नी की आंखें भर आईं और बोली कि मैंने तो सुना है कि गुरुजी के घर से कोई खाली हाथ नहीं गया? तब गुरु जी ने वचन किया कि माता इस मुख से तो मैं तेरा शरबत नहीं पिऊंगा। पर हां, एक समय ऐसा जरूर आएगा, जब यह जो शरबत आप लेकर आयी हैं, आपके नाम का यह शरबत हजारों लोग पिलाएंगे और लाखों लोग पिएंगे। आपकी सेवा सफल होगी। उसी याद में ठंडी मीठी छबील लगाई और पिलाई जाती है। इस बीच चंदू की पुत्रवधू ने गुरु जी से विनती की कि महाराज कल आपको शहीद कर दिया जाएगा, मेरी आपसे एक ही विनती है कि कल जब आप यह शरीर रूपी चोला छोड़ो, तो मैं भी अपना शरीर छोड़ दूं। मैं लोगों के ताने नहीं सुन सकती कि वह देखो चंदू की पुत्रवधू जा रही है,

जिसके ससुर ने श्री गुरु अर्जुन देव जी को शहीद किया था ।अगले दिन जब गुरु जी को शहीद किया गया, तो चंदू की पुत्रवधू भी शरीर त्याग गई। यह होता है अपने गुरु से सच्चा प्यार और गुरु के प्रति श्रद्धा। इस संबंध में तख्तश्री पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह ने कहा कि यह गुरु जी की शहादत संदेश देती है स्थिति कितनी भी बुरी हो, तो भी मिठास को बनाए रखें। जहांगीर का सिपाहसालार का नाम भी लिया गया। गुरु जी को गरम तबे पर बिठाया गया। उनके शरीर पर गर्म बालू की रेत डाला गया। उन्हें खौलते पानी में बिठाया गया। उसके बाद उन्हें ठंडे पानी यानी दरिया में ले जाया गया, जहां उन्होंने अपना शरीर त्याग दिया। गुरु जी का प्रेम उनके कंठ में था। उन्होंने अपनी शहादत 1606 ईस्वी में दी थी। वह दरिया रावती के किनारे महाराजा रणजीत सिंह के किला के पास उन्हें यातना दी गई थी। आज के दिन वहां बड़ी संख्या में सिख संगत जाकर मत्था टेकते हैं। गुरु जी का मुख्य संदेश यही है कि यदि कोई यातना दे भी रहा है, तो उनके प्रति कड़वा के बजाय मीठे बोल और स्वभाव रखना चाहिए।

# खान एवं भूतत्व विभाग को भ्रष्टाचारमुक्त और रोजगारपरक बनाया जाएगा : विजय

## अवैध खनन में जुटे लोगऔर उनके प्रश्रयदाता किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विभाग को न केवल भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त किया जाएगा बल्कि औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के अनुकूल बनाया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि हमने साफ तौर पर निर्देश दिया है कि नियमानुसार सही काम करने वालों के साथ किसी कीमत पर गलत नहीं होना चाहिए। ऐसे लोगों को परेशान करने वाले तंत्र से सख्ती से निपटा जाएगा। साथ ही अवैध खनन में लिप्त लोगों तथा उन्हें प्रश्रय देने वाले चाहे कितनी ऊंची पहुंच रखते हों, बख्शे नहीं जाएंगे। विभाग को अवैध काम करने वाले तत्वों से मुक्त कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से युक्त और रोजगार पैदा करने में सहायक बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जहां कहीं भी नियमों में सुधार की जरूरत है,हम व्यापक समीक्षा कर विशेषज्ञों तथा हितधारकों से विमर्श कर नियमों को समयानुकूल और पारदर्शी बनाने भी में जुटे हैं। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि अभी तक हमने खान एवं भूतत्व विभाग की क्षमता का पूरी तरह उपयोग नहीं किया है। इस विभाग में बिहार के औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता है। हमारे पास ग्लूकोनाइट के समृद्ध भंडार हैं, जिससे पोटाश उर्वरक के उत्पादन को गति देकर न केवल उर्वरकों के मामले में दूसरे राज्य पर निर्भरता घटायी जा सकती है बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ाए जा सकते हैं। उसी प्रकार राज्य में सेमीकंडक्टर तथा रक्षा उद्योग में उपयोगी खनिजों के भंडारों का भी पता चला है। हमारा खनिज विकास निगम इस दिशा में लगातार प्रयास भी कर रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार मुक्त विकास के हिमायती रहे हैं। इसलिए हम अपने विभाग को हर प्रकार के अवैध प्रचालनों से मुक्त कर रोजगारपरक और जनोन्मुखी बनाने पर बल दे रहे हैं।

# चौथे प्रयास में संसद पहुंचे मांझी, पहली बार में ही बने मंत्री

- बिहार की सियासत के बाद अब केन्द्र में निभाएंगे भूमिका

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद जीतनराम मांझी बिहार के उन मुख्यमंत्रियों की सूची में शामिल हो गये हैं, जो केन्द्र की सरकार में मंत्री बनाये गये हैं। आजादी के बाद बिहार में अबतक 23 मुख्यमंत्री बने। इनमे श्री कृष्ण सिंह, दीप नारायण सिंह, बिनोदानंद झा, कृष्ण बल्लभ सहाय, महामाया प्रसाद सिन्हा, सतीश प्रसाद सिंह, बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल, भोला पासवान शास्त्री, हरिहर सिंह, दारोगा प्रसाद राय, कपूर्री ठाकुर, केदार पांडेय, अब्दुल गफूर, जगन्नाथ मिश्रा, रामसुंदर दास, चंद्रशेखर सिंह, बिंदेश्वरी दुबे, भागवत झा आजाद, सत्येन्द्र नारायण सिंह, लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, नीतीश कुमार और जीतन राम मांझी शामिल हैं। इनमें से केदार पांडेय, अब्दुल गफूर, चंद्रशेखर सिंह, बिंदेश्वरी दुबे, जगन्नाथ मिश्रा, भागवत झा आजाद, लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार केन्द्र सरकार में मंत्री बनाये गये थे। जीतन राम मांझी भी अब केन्द्र सरकार मे मंत्री बन गये है। इमामगंज (सु) के विधायक जीतनराम मांझी ने गया (सु) सीट से चुनाव जीता है। उन्होंने राजद प्रत्याशी बोधगया (सु) के विधायक कुमार सर्वजीत को 101812 मतों के अंतर से पराजित कर दिया। श्री मांझी का बिहार की राजनीति में लंबा अनुभव रहा है, लेकिन उनका एक सपना था दिल्ली के लोकसभा जाने का जो अब पूरा हो गया है। श्री मांझी ने गया (सु) सीट से चौथी बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था। जीतन राम मांझी ने वर्ष 1991, 2014 और 2019 में लोकसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हर बार पराजय का सामना करना पड़ा था। इस बार जीतन राम मांझी ने बाजी अपने नाम कर ली और न सिर्फ पहली बार संसद पहुंचने में सफल रहे बल्कि करीब 80 साल की उम्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने में भी कामयाब रहे।

# पूर्व विधायिका शांति देवी के निधन पर राजद में शोक



- राजद कार्यालय में लाया गया पार्थिव शरीर, दी गई श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव एवं पूर्व मंत्री बिहार सरकार विजय प्रकाश यादव की माताजी पूर्व विधायिका शांति देवी का आज सुबह हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। इस संबंध में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया इनके निधन का समाचार मिलते ही पार्टी के राज्य कार्यालय का आधा झंडा इनके सम्मान में झुका दिया गया। राजद के प्रदेश कार्यालय में करीब 01:00 बजे दिन में स्वर्गीय शांति देवी जी का पार्थिव शरीर लाया गया। जहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने पार्टी का झंडा ओढ़ाकर और फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चैधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, बिनु यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार यादवेंदु, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक सुदय यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादव, राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनवर आलम, प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, निर्भय अंबेडकर, संजय यादव, मुकुंद सिंह, बल्ली यादव, चंदेश्वर प्रसाद सिंह, कुमर राय, जेम्स कुमार यादव, विनोद यादव, सुबोध सिंह, राकेश रंजन रजक, उपेंद्र चंद्रवंशी सहित गणमान्य नेताओं ने इनके पार्थिव शरीर पर फूल माला चढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित की। निधन का समाचार सुनकर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसादए पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, प्रदेश राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, नवनिर्वाचित सांसदए डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर मनोज कुमार झा, सांसद राज्यसभा संजय यादव, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, अरविन्द कुमार सहनी सहित अन्य नेताओं ने इनके निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इनके निधन से राज्य को अपूर्णीय क्षति हुई है। और इससे समाजवादी परिवार में जो खालीपन आया है उसकी भरपाई मुमकिन नहीं है। इनके निधन से राजद परिवार काफी मर्माहत हैं।

# एनडीए 3.0 में बनेंगे विकास के नए रिकॉर्ड : राजीव

- केंद्र सरकार में बिहार को पहली बार मिले 8 मंत्री

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेते ही देश का आगे बढ़ना शुरू हो गया है। शेयर बाजार के साथ-साथ देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी सर्वाधिक उच्च स्तर पर पहुंच चुका है। पूरा विश्व भारत पर नजरें गड़ाए बैठा है। हर कोई समझ रहा है कि राष्ट्र और जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले नेताओं से सुसज्जित एनडीए 3.0 में विकास के कई नए रिकॉर्ड बनने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में राजद-कांग्रेस के इंडी गठबंधन की तरह एनडीए खानदानी दलों का जमावड़ा नहीं है, बल्कि राष्ट्रप्रथम की मूल भावना से जुड़े दलों का समूह है। एनडीए के लिए कोई परिवार भगवान की तरह नहीं है बल्कि इसके नेताओं के लिए जनता ही जनार्दन है। यही वजह है कि एनडीए के शासन में चाहे वह देश हो या बिहार, हर जगह विकास के ऐसे अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसे कांग्रेस अपने दशकों के राज में सोच भी नहीं पायी थी।

# मीसा भारती को संसदीय दल की नेता बनाने में देरी क्यों : जदयू

- जदयू ने राजद पर परिवारवाद को लेकर कसा तंज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



लोकसभा चुनाव समाप्त हो गया है, लेकिन नेताओं की बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। बिहार में सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन में शामिल जनता दल यूनाइटेड ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर परिवारवाद को लेकर जोरदार तंज कसा। जदयू के प्रवक्ता और बिहार के पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने राजद अध्यक्ष लालू यादव से विनम्र अनुरोध करते हुए कहा कि जगजाहिर है कि आपकी पार्टी के लिए प्रथम पद आपके परिवार के लिए आरक्षित है। पार्टी की नीति ही फर्स्ट पोस्ट, फर्स्ट परिवार की रही है। ऐसे में मीसा भारती को लोकसभा में संसदीय दल का नेता नियुक्त करने में विलंब क्यों कर रहे हैं? उन्होंने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि आज बेटियां बेटों से कम कहां हैं। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा के रामकृपाल यादव को पराजित कर मीसा भारती पहली बार लोकसभा पहुंची है। पिछले चुनाव में मीसा भारती को रामकृपाल यादव ने हरा दिया था। इस चुनाव में लालू यादव की एक अन्य बेटी रोहिणी आचार्य को हालांकि सारण से हार का मुंह देखना पड़ा है। राजद के केवल चार प्रत्याशी ही जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। चुनाव प्रचार में जदयू और भाजपा परिवारवाद को लेकर राजद को घेरता रही है। लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं।

# बिहार एनसीपी ने मनाया पार्टी का 26 वां स्थापना दिवस



बिहार प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राणा रणवीर सिंह की अध्यक्षता में पार्टी का 26वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने केक काटा एवं मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्री राणा रणवीर सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने 2024 तक एनसीपी को राष्ट्रीय पार्टी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है तथा देश के तमाम राज्यों के कार्यकताओं को अभी से तन मन से लग जाने का आह्वान किया है। श्री राणा ने आगे बताया कि अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे, छगन भुजबल एवं युवा एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा जी के नेतृत्व में एनसीपी जनता से जुड़े मुद्दों को उठाकर देश के कोने कोने में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए दिन दिन रात एक कर दिया जाएगा। श्री राणा ने बताया कि अजित पवार के नेतृत्व में अभी हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में एनसीपी के तीन विधायक चुनाव जीतने में कामयाब हुए हैं। श्री राणा ने आगे बताया कि एनसीपी बिहार में लगभग 150 विधानसभा क्षेत्रों में मजबूती से चुनाव लड़ने पर विचार कर रही है उससे पहले विधानसभा क्षेत्र के तमाम बूथों पर बूथ कमिटी बनाने का निर्देश पार्टी कार्यकताओं को दिया गया है। इस अवसर पर डॉ एम भारती,धुपेन्द्र सिंह,कामता यादव, रंजीत यादव,मुनीन्द्र राय,शेख अनीश,राकेश कुमार,जयप्रकाश सिंह,गुलाब कृष्ण राय,दामोदर यादव,नित्यानंद सिंह,मोहम्मद सईद,मोहम्मद कामरान,आनन्द कुमार,शंभु साह,चंद्रमोहन यादव आदि मौजूद रहें।

# केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में 33 नए चेहरे, छह मंत्रियों का राजनीतिक परिवारों से ताल्लुक

पटना। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए रविवार को शपथ लेने वाली मंत्रिपरिषद में 33 नये चेहरे शामिल हुए हैं और इनमें से कम से कम छह मंत्री मशहूर राजनीतिक परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंत्रिपरिषद में पहली बार शामिल होने वालों में तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों-शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर और एचडी कुमारस्वामी -का भी नाम है। मोदी सरकार में पहली बार मंत्री बनने वाले सात लोग सहयोगी दलों से हैं, जिनमें तेदेपा से के. राममोहन नायडू और पी. चंद्रशेखर, जद यू के ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर, रालोद के जयंत चौधरी, लोजपा के चिराग पासवान और जद एस के एच.डी. कुमारस्वामी शामिल हैं। राष्ट्रीय लोक दल के 45 वर्षीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पोते और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह के पुत्र हैं। बिहार के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक दिवंगत रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में अपनी पारी शुरू करने जा रहे हैं। उनकी पार्टी लोजपा (रामविलास) ने बिहार में जिन पांच सीटों पर चुनाव लड़ा था, उन सभी पर जीत हासिल की। जनता दल यूनाइटेड के रामनाथ ठाकुर प्रसिद्ध समाजवादी नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कपूर्री ठाकुर के पुत्र हैं। कपूर्री ठाकुर को इस वर्ष के प्रारंभ में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू मोदी मंत्रिमंडल में नए सदस्य हैं। बेअंत की 1995 में खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। महाराष्ट्र के वरिष्ठ राकांपा नेता एकनाथ खडसे की पुत्रवधू रक्षा खडसे ने केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली।

# एनडीए ने अपने संकल्प पत्र पर अमल करना किया शुरू : मंगल

पटना। सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि एनडीए सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक से अपने संकल्प पत्र अमल करने का काम शुरू कर दिया है। कैबिनेट की बैठक में 3 करोड़ आवास बनाने का फैसला और उसमें शौचालय समेत बिजली और एलपीजी कनेक्शन गरीबों के घरों को रोशन करने का काम करेगा। एनडीए सरकार के इस बड़े निर्णय से गरीबों का सपना पूरा होगा और उन्हें छत के साथ अन्य सुविधाएं नसीब होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में न सिर्फ देश का विकास होगा, बल्कि गरीबों को उनका हक और सम्मान मिलेगा। इसीलिए कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने जो कहा कि मोदी की गारंटी है, तो वह गारंटी पूरी होता दिख रही है। श्री पांडेय ने कहा कि यह तो अभी शुरूआत है। आज पहली बैठक में ही प्रधानमंत्री ने देशवासियों को बड़ा तोहफा देकर विपक्ष को बता दिया है कि जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। देश की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ एनडीए पर है और आगे भी रहेगा।

# भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में पुनः छुट्टी घोषित करे सरकार : अरुण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि भीषण गर्मी और लू-लहर को देखते हुए बिहार सरकार को स्कूलों में बच्चों को पुनः एक सप्ताह की छुट्टी अविलंब घोषित करें। उन्होंने कहा कि सरकार में थोड़ी सी भी मानवीय संवेदना बची है है तो प्रचंड गर्मी को देखते हुए सरकार को शिक्षकों को भी छुट्टी दे देनी चाहिए। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भीषण गर्मी के कारण बिहार के विभिन्न जिलों के विद्यालयों से छात्र-छात्राओं की तबीयत बिगड़ने और बेहोश होने की खबरें लगातार आ रही है। इसलिए बिहार सरकार को अविलंब स्कूलों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को छुट्टी दे देनी चाहिए।


भवन निर्माण विभाग

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03 वर्ष 2024–25

(Single Bid System)

| Sl. No. | Name of Work. | Estimated cost (In Rs.) | Bid Security 2% (EMD In Rs.) | Cost of Bidding Document (In Rs.) | Bid Processing Fee | Time of Completion (In Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | Annual Operation & Maintenance of 2 Nos. 6 Passenger & 1 No 4 Passenger Fully Automatic Gate (G + 2) lift Instaled at 12 Court Building Hilsa Distt Nalanda. Make Beacon Elevators | 31,51,083.00 | 63,100.00 | 5000.00 | As per Online requirement | Three Year |

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, भवन निर्माण विभाग, पटना।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दि0–07.06.2024
3. निविदा कागजात प्राप्त करने का (डाउनलोड करने)की अतिम तिथि एवं संमय :– दि0–18.06.2024 से 29.06.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–30.06.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
5. प्री–बीड बैठक तिथि एवं समय :– दि0–25.06.2024 को 03.00 बजे अपराह्न विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अचंल, दक्षिण बिहार, पटना, भवन निर्माण विभाग के कार्यालय मे।
6. निविदा की राशि का 2% EMD एवं हार्ड कॉपी (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दि0–01.07.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
7. ई–निविदा की खोलने की तिथि एवं समय :– दि0–02.07.2024 को 15.00 बजे अपराह्न तक
8. परिमाण विपत्र बिक्री स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in )
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :– केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in )
10. निविदा वैधता की अवधि :– 120 दिन

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, सख्या–2, पटना

PR. No. 001294 (BCD) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# भाकपा नेता अतुल कुमार अंजान को दी गई श्रद्धांजलि

- 26 जून को किसान आंदोलन को तेज करने का संकल्प



पटना। स्वामीनाथन कमीशन का एकमात्र किसान प्रतिनिधि, लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष,ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीयअध्यक्ष,ऑल इंडिया किसान सभा के महासचिव, किसानों के मसीहा साथी अतुल कुमार अंजान के आकस्मिक निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बिहार राज्य किसान सभा के संस्थापक स्वामी सहजानंद सरस्वती की 74वीं पुण्यतिथि 26 जून को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर किसान आंदोलन को तेज करने का संकल्प लेंगे। गांव-गांव में किसानों के ज्वलंत मुद्दो पर संघर्ष छेड़ने हेतु 31 जुलाई 2024 तक बिहार के सभी जिलों में सघन अभियान चलाया जाएगा। पुण्य तिथि पर 5लाख किसानों को गोलबंद करने का संकल्प लेंगे। केदार भवन,अदालतगंज,पटना में साथी प्रभा शंकर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बिहार राज्य किसान सभा की बैठक को संबोधित करते हुए किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि हमारे लिए स्वामी सहजानंद सरस्वती की आज भी प्रासंगिकता है। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही बिहार में विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे किसानों को मुक्ति दिलाया जा सकता हैं। किसान आंदोलन छेड़ कर अपनी मांगों को पूरा करने हेतु सरकार को मजबूर किया जाएगा। सघन अभियान चलाकर सुबे के युवा किसानों को स्वामी जी के आदर्शो और उनके उद्देश्यों से अवगत कराया जाएगा।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के बड़े भाई के निधन पर पार्टी नेताओं ने जताया दुख

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के सबसे बड़े भाई अवधेश प्रसाद सिंह के निधन पर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। अपने शोक संदेश में इन नेताओं ने कहा है कि अवधेश प्रसाद सिंह एक नेक दिल इंसान एवं मृदुभासी व्यक्ति थे । वे हमेशा सामाजिक कार्यों में अपने क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे तथा आम जनता में काफी लोकप्रिय थे।

भगवान उनके मृत आत्मा की शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करें। कांग्रेस के जिन नेताओं ने शोक व्यक्त किया है उनमें कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, प्रेमचंद मिश्रा, डॉ समीर कुमार सिंह, निर्मल वर्मा, ब्रजेश पांडे, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, लाल बाबू लाल, प्रो अम्बुज किशोर झा प्रमुख है।


भवन निर्माण विभाग

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–2 भवन निर्माण विभाग, पटना।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 24.06.2024 2:00 बजे अप0 तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 25.06.2024 3:00 बजे अप0 तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 25.06.2024 (4:00 बजे अप0)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–2, पटना। विद्युत कार्य अवर प्रमंडल, दानापुर एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, पटना
6. निविदा प्राप्ति का स्थान क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिणाम विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SITC of interact Scalable light fixtures forauditorium in Administrative building of Judicial Training Institute, Gaighat, Patna | 8,09,274.00 | 16,200.00 | 1250.00 | 20 Days |
| 2 | Provision of Campus light in DRCC building at Biharsharif Distt Nalanda. | 9,66,002.00 | 19,400.00 | 1250.00 | 20 Days |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.001293 (BCD) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना


# बिहार पर भाजपा की नजर : केंद्रीय मंत्रिमंडल में दी बड़ी हिस्सेदारी

# मोदी मंत्रिमंडल के जरिए बिहार में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन पर जोर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



तीसरी बार केंद्र में सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की नजर अब बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव पर है। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ के दौरान बिहार से बनाये गए आठ मंत्रियों के जरिये भाजपा ने जहां बिहार में जातीय समीकरण साधने की कोशिश की है, वहीं क्षेत्रीय संतुलन पर भी जोर दिया है। नए मंत्रिमंडल में बिहार से आठ लोगों को मंत्री बनाकर इस प्रदेश को केंद्रीय मंत्रिमंडल में बड़ी हिस्सेदारी देकर भाजपा ने साफ कर दिया है कि पीएम की नजर बिहार के विकास पर भी है। इस मंत्रिमंडल में जिन आठ मंत्रियों को स्थान दिया गया है, उसमें चार कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। जिनमें भाजपा के चार, जदयू के दो और लोजपा (रामविलास) तथा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के एक-एक सांसद हैं। इस मंत्रिमंडल में बिहार से सभी घटक दलों को स्थान दिया गया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा चुनाव हार गए थे। बिहार की राजनीति में सोशल इंजीनियरिंग के प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता है। इस मंत्रिमंडल में भी बिहार में जातीय समीकरण का पूरा ख्याल रखा गया है। पांच मंत्री दलित, पिछड़े, अति पिछड़े वर्ग से आते हैं। इनमें पासवान जाति से चिराग पासवान, मुसहर जाति से जीतन राम मांझी, अति पिछड़ी जाति से जदयू के रामनाथ ठाकुर और भाजपा के राजभूषण चौधरी को मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा, पिछड़े वर्ग से भाजपा के नित्यानन्द राय तथा सवर्ण जातियों में भूमिहार से गिरिराज सिंह, ललन सिंह और ब्राह्मण जाति से सतीश चंद्र दुबे को मंत्री बनाया गया है। हालांकि राजपूत जाति से आने वाले किसी सांसद को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया है। मंत्री बनाने में एनडीए ने क्षेत्रीय संतुलन को भी बनाये रखने का ख्याल रखा है। उत्तर बिहार से छह मंत्री बनाये गए हैं, जबकि पूर्वी बिहार और मगध क्षेत्र से एक-एक को स्थान दिया गया है। इससे पहले के मंत्रिमंडल में भी उत्तर बिहार को तरजीह मिली थी। ललन सिंह मुंगेर से चुनकर आए हैं, जबकि मांझी गया यानी दक्षिण बिहार से चुनकर संसद पहुंचे हैं। देखा जाय तो उत्तर बिहार में एनडीए ने बड़ी सफलता हासिल की है। सीमांचल और कोसी की तीन सीट-किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार को छोड़ दें तो सभी सीटों पर एनडीए के प्रत्याशियों ने परचम लहराया है। ऐसे में मंत्रियों की संख्या भी उत्तर बिहार से ज्यादा देखने को मिली है।


पटना समाहरणालय, पटना

लोक सभा आम निर्वाचन–2024

(जिला वाहन कोषांग, पटना)

आम–सूचना

एतद् द्वारा सम्बंधित सभी वाहन मालिकों को जिनके वाहनों को लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर अधिग्रहित किया गया था, को सूचित किया जाता है कि वे अपने लॉग बुक (बैंक खाता विवरणी सहित) को सम्बंधित वाहन कोषांग में दिनांक 25.06.2024 तक अचूक रूप से जमा कर दें। सम्बंधित कोषांग का नाम एवं लॉग बुक जमा करने का स्थान निम्नवत् है:–

| क्रमांक | सम्बंधित कोषांग का नाम | लॉग बुक जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| 1. | जिला वाहन कोषांग, पटना। | श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, गॉधी मैदान, पटना। |
| 2. | अनुमंडल स्तरीय वाहन कोषांग, पटना जिला। | पटना जिला के सभी अनुमंडल कार्यालय स्थित वाहन कोषांग। |
| 3. | प्रखंड स्तरीय वाहन कोषांग, पटना जिला। | पटना जिला के सभी प्रखंड कार्यालय स्थित वाहन कोषांग। |

उपरोक्त क्रमांक 1 से 3 तक के वाहन कोषांग द्वारा अधिग्रहित वाहनों का लॉग बुक (बैंक खाता विवरणी सहित) उनके कोषांग में दिनांक 25.06.2024 तक जमा नहीं करने पर भुगतान नहीं होने की पूरी जबावदेही सम्बंधित वाहन मालिक की होगी।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नोडल पदाधिकारी,वाहन कोषांग,
–सह–
जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना

PR. No. 001397 (Election) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवानिवृत प्रधानाध्यापक का किया गया श्रद्धांजलि कार्यक्रम

हाजीपुर।बाजार समिति स्थित सहयोगी हाई स्कूल से सेवानिवृत प्रधानाध्यापक राम प्रसाद पंडित जी के निधन उपरांत उनके निवास स्थान ग्राम चौहट्टा में समाज के गणमान्य व्यक्तियों के बीच उस दिव्य आत्मा की शांति हेतु पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इन्होंने अपने जीवन काल में शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों कार्य किया गरीब परिवार के बच्चों को कॉपी कलम देकर पढ़ाई के प्रति जागरूक करने का कार्य किए एवम समाज के चहुमुखी विकास में भी लोगो के साथ बैठ कर भाईचारा नर्मता बनाए रखने में लोगो को हमेसा जागरूक करने का कार्य किए। उनके इस पुण्य कार्य के लिए समाज के सभी लोग हृदय से सदा अपने जीवन पर्यंत याद करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ० प्रो० तारकेश्वर पंडित प्राचार्य डी० सी० कॉलेज, प्रो० शशिभूषण कुमार आर० एन० कॉलेज, डॉ० रामप्रवेश प्रसाद सेवा निवृत प्राचार्य जी० ए० इंटर स्कूल, डॉ० रामनरेश पंडित सेवानिवृत्ति प्रचार, डॉ० अवधेश पंडित, डॉ० टी एन पंडित, मठाधीश बाबा राम एकबाल दास उर्फ स्वामी जी, विश्वनाथ पंडित, उमाशंकर पंडित, गणेश पंडित, रामप्रीत पंडित, मनोज पंडित, कृष्ण पंडित, अर्जुन पंडित, भोला पंडित, रामचंद्र पंडित, इत्यादि लोग शामिल थे।

### डॉ अमरकांत कुमर लिखित दो पुस्तकों का किया गया विमोचन

दरभंगा।महाराजा लक्ष्मण सिंह मेमोरियल महाविद्यालय दरभंगा हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ अमरकांत कुमर द्वारा लिखित दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रभाकर पाठक, मुख्य अतिथि कालानाथ मिश्र, साहित्यकार रत्नेश्वर सिंह, अतिथि डॉ उमेश कुमार उत्पल, साहित्यकार शंकर प्रणामी, विद्यापति सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ बैजू बाबू ,स्वागत अध्यक्ष प्रधानाचार्य डॉ शंभू कुमार यादव के अलावा संस्कृत विश्वविद्यालय, बिहार अंबेडकर विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के शोधार्थी सम्मानित यशस्वी हिंदी के प्रोफेसर, महाविद्यालय हिंदी विभाग के छात्र-छात्रा के अलावा दरभंगा आकाशवाणी की गरिमायी उपस्थित बनी रही। धन्यवाद ज्ञापन डॉ ज्वाला चंद्र चौधरी ने किया।

### आंगनबाड़ी सेविका संघ की हुई बैठक

बेनीपुर(दरभंगा)। दुर्गा मंदिर बेनीपुर परिसर में आंगनबाड़ी सेविका संघ की बैठक प्रखंड अध्यक्ष रेखा सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गोद भराई, अन्नप्राशन, मोबाइल रिचार्ज, पोषाहार समय से नहीं देने सहित अंडा की राशि समय से नहीं देने व अन्य समस्या का समाधान कराने पर भी चर्चा किया गया। बैठक में संघ के सचिव रंजीता कुमारी के अलावा किशोरी देवी, रुणा देवी, राजकुमारी देवी, कौशल्या कुमारी, बबिता कुमारी, श्याम परी देवी, मुन्नी देवी सहित दर्शनों की संख्या में सेविका व सहायिका उपस्थित थी।

### मंत्री बनने पर एनडीए कार्यकताओं ने दी बधाई

विभूतिपुर, समस्तीपुर। जिले से उजियारपुर लोकसभा सांसद नित्यानंद राय एवं राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को मंत्री बनाए जाने पर एनडीए कार्यकताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई दिया। बधाई देने वालों में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण देव प्रसाद सिंह, भाजपा के विभूतिपुर विधानसभा संयोजक अरविंद कुशवाहा, जिला प्रवक्ता पंकज कुमार लाल, जिला उपाध्यक्ष रूपांजलि कुमारी, जिला मंत्री रीना राय, अमन पाराशर, चंदेश्वर पासवान, चंद्रमणि प्रसाद सिंह, जदयू के राम बहादुर सिंह, अशोक पटेल, चांदनी देवी, रामबालक राय, रामबाबू राय, तरुण कुमार सिंह, राजीव कुमार मिश्रा, अमरेंद्र चौधरी उर्फ गिरीश, दिगंबर चौधरी उर्फ छोटू बाबा, मुखिया राजकुमार, मनोज कुमार, समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी तूफान आदि सैकड़ों लोग शामिल हैं।

### महासंघ से जुड़े कार्यकताओं ने दी श्रद्धांजलि

विभूतिपुर प्रखंड के बीआरएनकेएस कॉलेज कल्याणपुर के पूर्व प्रधानाचार्य सह वित्त संपोषित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी कल्याण महासंघ के कर्मठ सदस्य प्रोफेसर गणेश प्रसाद यादव के निधानोंपरांत उनके आवास बाजिदपुर बम्बैया पहुंच कर महासंघ से जुड़े पद धारको ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महासंघ के प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता प्रोफेसर पीके झा प्रेम, दलसिंहसराय अनुमंडल के शाखा संयोजक प्रोफेसर हीरा झा आदि ने उनके पुत्र द्वय परमवीर और चंद्रवीर से उनके साथ बिताए संघर्षों को साझा किया। मौके पर प्रोफेसर प्रेम ने कहा कि प्रोफेसर गणेश यादव वित्त संपोषित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए सदैव संघर्षरत रहे। उन्हें भरोसा था कि एक न एक दिन हम सभी को वेतनमान और सरकारी शिक्षक का सम्मान मिलेगा। प्रोफेसर यादव जितने शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध थे उतने ही सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। आज उनके न होने का सर्वाधिक अभाव महासंघ को खल रहा है।

# दो दिवसीय अनुसंधान परिषद की बैठक में होगी 57अनुसंधान परियोजनाओं पर चर्चाः कुलपति




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।डॉ.राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विवि में दो दिवसीय अनुसंधान परिषद(विशेष) की बैठक आज 10 जून को शुरू हुआ। समारोह की शुरूआत कुलपति समेत अन्य आगत अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर की। संबोधित करते हुए विवि के कुलपति डॉ.पीएस पाण्डेय ने कहा कि दो दिनों के इस विशेष सत्र में 57 अनुसंधान परियोजनाओं की चर्चा की जायेगी। जिसमें बाहय विशेषज्ञ अनुसंधान के विभिन्न आयामों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिको को किसानों की समस्याओं में से किसी एक समस्या का चयन करना चाहिए। और उस समस्या को दूर करने के लिए अनुसंधान परियोजना प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हो ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन किसानो के लिए बड़ी समस्या है। जिसका असर कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में स्पष्ट नजर आने लगा है। उन्होंने कहा कि यदि हर वैज्ञानिक किसानों की एक समस्या दूर कर सके तो कृषि क्षेत्र मे नई क्रांति आ सकती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिको को समझना चाहिए की सरकार जनता के पैसे से काफी रूप्ये दे रही है। और उसका फायदा लोगों को मिलना चाहिए। उन्होंने और शिक्षको को चरितार्थ निर्माण का आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। जिससे छात्रों और अन्य कनीय लोगों को भी प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि विवि ने अगले एक वर्ष का कार्यक्रम तैयार कर लिया है। जिसे तेजी से लागू करने का सामुहिक प्रयास करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि कृषि विवि बंगलोर पूर्व निदेशक अनुसंधान डॉ एनआर गंगाधरप्पा ने कहा कि विवि में अनुसंधान के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है। जिसका प्रमाण 11 पेटेंट एवं एक जीआई टैग मिलना हैं। उन्होंने कहा कि विवि के वैज्ञानिको को सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने की ओर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य की दो प्रमुख समस्या है ।जल प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन। इसको लेकर विवि को बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। झांसी केन्द्रीय कृषि विवि निदेशक अनुसंधान डॉ.एसके चतुर्वेदी ने कहा कि सभी वैज्ञानिको के पास एक अनुसंधान परियोजना का होना विवि की अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि इससे विवि में अनुसंधान की अच्छा वातावरण का निर्माण होता है। जिसका फायदा छात्रों को भी मिलता है। आईसीएआर, पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.नरेश चन्द्रा ने कहा कि अनुसंधान के परिणाम को वैज्ञानिको को तकनीक में परिवर्तित करना चाहिए। जिससे किसानों को फायदा मिल सके। वैज्ञानिको को यह भी ध्यान तकनीक का मूल्य कम हो जिससे किसान आसानी से खरीद सके। स्वागत निदेशक अनुसंधान डॉ.अनिल कुमार सिंह ने किया। संचालन डॉ.सुनीता कुमारी मीणा ने किया। मौके पर डॉ.एसके ठाकुर, डॉ.मुकेश कुमार, डीन डॉ.अम्बरीष कुमार, डॉ.उषा सिंह, डॉ.मयंक राय, डॉ.अमरेश चन्द्रा, डॉ.आरके झा,डॉ.पीपी श्रीवास्तव, निदेशक बीज डॉ.डीके राय, डॉ.एमएस कुंडू, डॉ.कुमार राज्यबर्द्धन आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक पदाधिकारी के साथ हुई समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित होनेवाले विशेष लोक अदालत एवं दरभंगा न्यायमंडल में आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी ने न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि दिनांक 29 जुलाई से 3 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय,नई दिल्ली में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, इसके लिए पूर्ण रूप से आमजनों तक संदेश जाना है। हमलोग माननीय न्यायालय में होनेवाले विशेष लोक अदालत की सफलता के हर संभव प्रयास करें।उन्होंने कहा कि दरभंगा न्यायमंडल में इस वर्ष का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। सभी न्यायालयों में सुलहयोग्य मुकदमों का चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा जाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए सभी न्यायालयों में पारा विधिक स्वयंसेवकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी न्यायिक अधिकारी अपने स्तर से मॉनिटरिंग कर अधिक से अधिक शमनीय मुकदमों के पक्षकारों को नोटिस करावें। पक्षकारों के साथ प्रि-काउंसलिंग भी करें। प्रि-काउंसलिंग के जरिए पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों से अवगत करायें। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## सांसद ने गृह मंत्री अमित शाह को किया सम्मानित, नए कार्यकाल की दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण के बाद दरभंगा के भाजपा सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने आज सोमवार को देश के गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी एवं उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद डा ठाकुर ने गृह मंत्री श्री शाह को मिथिला की संस्कृति के अनुसार पाग अंगवस्त्र व मखान माला पहनाकर सम्मानित किया एवं मिथिला पेंटिंग भेंट की। गृह मंत्री को सम्मानित करने के बाद सांसद डा ठाकुर कहा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में जहां भारत की गरीमा और सम्मान देश ही नहीं विदेशों में भी बढ़ा है वहीं गृह मंत्री श्री शाह के नेतृत्व में देश के अंदर कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुआ है यही कारण है की करोड़ो देशवासी गृह मंत्री को लौह पुरुष के नाम से पुकारते है। सांसद डा ठाकुर ने कहा है कि आधुनिक भारत के विश्वकर्मा प्रधा नमंत्री मोदी जी के नेतृव में नवगठित केंदीय मंत्रिमंडल भारत को नईं ऊंचाई पर ले जानें में सफल होगा। इस अवसर पर सांसद डा ठाकुर के साथ लोकसभा सह प्रभारी प्रफुल्ल कुमार ठाकुर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह मुखिया सुरेश सिंह, कुणाल सिंह, मनीष ठाकुर आदि शामिल थे।

## अपहरणकर्ता द्वारा बीती रात राजनगर थाना क्षेत्र में सुनसान जगह पर अमित को छोड़



प्रात : किरण संवाददाता

खजौली थाना क्षेत्र के पंडा लक्ष्मीपुर गांव निवासी अंम्बे कुमारी बीआरपी कलुआही के पति अपहृता अमित कुमार मिश्रा को खजौली थाना पुलिस की दंबिस से 30 घंटे के अंदर अपहरण कर्ता ने राजनगर थाना क्षेत्र में सुनसान जगह पर चार चक्का वाहन से बीती रात छोड़ कर फरार हो गया है.अपहृता अमित कुमार मिश्रा ने खजौली थाना पर दफा 161 के तहत एसआई विनोद कुमार को कलम बंद्ध व्यान दिया कि चारो अपहरण कर्ता 8 जून को फूलचनिया, लक्ष्मीपुर हाल्ट जाने वाली मुख्य सड़क पर एक काला एस्कॉर्पिओ चार चक्का वाहन से अपहरण करके फुलपरास थाना क्षेत्र के सिजौलिया गांव स्थित आम के बगीचा में रखा.चारो अपहरण कर्ता ने मिलकर मुझे मारपीट की. चारो अपहरण कर्ता में से दो अपहरण कर्ता रिवाल्वर की नोक पर मोबाइल फोन से मेरी पत्नी अंम्बे कुमारी से फोन करवाकर 50 लाख रुपये की फिरौती की मांग की. अपहृता अमित कुमार मिश्रा ने पुलिस को व्यान दिया कि चार अपहरण कर्ता में से दो अपहरण कर्ता खजौली थाना क्षेत्र के ठाहर गांव निवासी धनश्याम ठाकुर के पुत्र बीरू साफी एव नरेश साफी का ससुराल ठाहर गांव है उस व्यक्ति को अच्छी तरह पहचानता हूँ. उन्होंने पुलिस को बताया कि चारो अपहरण कताओं ने 1100 रुपये की नन जुडिशियल स्टॉप पेपर सहित सात सादे कागज पर हिंदी एव अंग्रेजी में हस्ताक्षर एव अंगूठा का निशान लगवाया गया. अपहरण कताओं ने धमकी दिया कि 50 लाख रुपये जो तुम जो लिया है उसे वापस करना होगा.वही अपहृता अमित कुमार मिश्रा की बरामदगी होने से उनकी पत्न ी अंम्बे कुमारी की चेहरे पर खुशी झलक दिख रही थी.इस अपहरण कांड को लेकर सदर अनुमंडल डीएसपी मनोज कुमार, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा, पीएसआई जितेश कुमार मिश्रा, एसआई विनोद कुमार सहित थाना पुलिस बल शामिल थे।

## टॉप-20 की सूची में शामिल 25 हजार का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । पुलिस ने टाट-20में शामिल ईनामी अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर लिया ।इसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार का का ईनाम घोषित था। यह जानकारी एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। बताया गया है कि पिछले साल सितंबर महीने में कुमार सत्यनारायण के आवेदन के आधार पर सदर थाना कांड सं0-867/23 दिनांक-04.09.2023 को दर्ज किया गया था ।उन्होंने ने अपने आवेदन में बताया था कि 4सितम्बर को सदर थाना अंतर्गत गोबरसही आनंद नगर रोड नं0-01 स्थित अपने घर में अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा फायरिंग एवं उनकी पत्नी पुनम राय के साथ बदसलुकी करने का आरोप लगाया था ।कांड के सफल उद्भेदन हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सी०सी०टी०वी० फुटेज का अवलोकन, मानवीय एवं तकनीकी आसूचना संकलन के आधार पर घटना में संलिप्त दो अपराधकर्मियों . रोहित कुमार पिता आनदी लाल महतो ग्राम- फतेहा थाना- कथैया एवं रामनाथ महतो पिता राम प्रवेश महतो ग्राम पकड़ी ईस्माईल थाना सदर को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है ।कांड में वांछित अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही थी ।इसी आलोक विशेष टीम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर घटना में संलिप्त जिलांतर्गत टॉप-20 अपराधकर्मियों की सूची में शामिल व 25,000 का ईनामी वांछित अपराधकर्मी रमन कुमार पिता राजेश्वर पासवान ग्राम रामपुर फागो थाना सरैया जिला मुजफ्फरपुर को गिरफ्तार किया गया है।

## गर्मी से मध्य विद्यालय दहौड़ा की लड़की हुई प्रार्थना के वक्त बेहोश

प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)। उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना दुसवार कर दिया है ।इसका प्रभाव विद्यालय के छात्र, छात्राओं, राहगीरों एवं बैंक में पैसे के लिए कतार में खड़े उपभोक्ताओं में देखने को मिला है। सोमवार को राघोपुर उत्तरी पंचायत के दहौड़ा गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय की छठी वर्ग की छात्रा वैष्णवी कुमारी प्रार्थना के वक्त बेहोश हो गई। प्रार्थना के वक्त बच्चों की निगरानी में लगे शिक्षकों की नजर उस बच्ची पर पड़ी तो उन्होंने उस बच्ची को जमीन पर गिरने से पहले संभाला और उसे कार्यालय कक्ष में बैठाकर पानी के छींटें लगाए तथा पंखे की हवा में उसे ओ आर एस का घोल पिलाकर होश आने पर उसके घर पहुंचाया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार एवं शिक्षक जिलानी ने बताया कि चेतना सत्र के बाद अध्यापन कार्य के दौरान वर्ग 6 के की छात्रा माही भी अत्यधिक गर्मी से बेहोश हो गई ।वर्ग में एक साथ बैठकर पढ़ रहे बच्चों ने अध्यापन कार्य में लगे वर्ग शिक्षक को इस ओर संकेत किया। अध्यापन में लगे शिक्षक ने उसे भी कार्यालय कक्ष में बैठाकर पानी के छींटें लगाए तथा ओ आर एस का घोल पिलाकर उसे भी घर पहुंचाया। दूसरी ओर अत्यधिक गर्मी का प्रभाव सोमवार को नेहरा स्थित पी एन बी ब्रांच में भी देखा गया, जहां पैसे के लिए कतार में खड़ी दो तीन महिला उपभोक्ता बेहोश हो गई। कतार में खड़े लोगों ने उसे बाहर निकाला तथा पानी के छींटें लगाकर उसकी बेहोशी दूर की।

## परीक्षा केंद्रों के 200 गज की परिधि मे निषेधाज्ञा आदेश जारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा आयोजित डी० एल० एड० फेस टू फेस प्रशिक्षण सत्र 2024 का द्वितीय वर्ष एवं सत्र 2023 25 का प्रथम वर्ष परीक्षा 2024 के शांतिपूर्ण एवं कदा चार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु अश्विनी कुमार अनुमंडल पदाधिकारी सदर अनुमंडल में द्वारा सदर अनुमंडल अन्तर्गत कुल 03 तीन परीक्षा केंद्रों के 200 गज की परिधि में धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा की अवधि में दिनांक 12.06.2024 से दिनांक 25.06.2024 तक 05:00 बजे पूर्वाह्न से 06:00 बजे अपराह्न तक के लिए निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है ।परीक्षा दो पालीयों प्रथम पाली-09:30 बजे पूर्वाहन से 12:45 अपराहन एवं द्वितीय पाली 02:00 अपराह्न से 05:15 बजे अपराहन तक में दिनांक 12.06 2024 से दिनांक 25.06.2024 तक चलेगी। प्रतिबंधित अवधि में प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों के एक साथ जमा होने परीक्षा केन्द्र के आस पास प्रतिबंधित अवधि में सभी प्रकार के वाहन वाहनों दो पहिया वाहन सहित के प्रवेश पर रोक लगाने परीक्षा केंद्र के ईर्द-गिर्द मटरगश्ती करने परीक्षा केन्द्र पर ईटा रोड़ा पत्थर भाला गैंरासा फरसा बंदूक, आग्नेयास्त्र विस्फोटक पदार्थ या अन्य घातक हथियार लेकर चलने एवं इस तरह का कोई अन्य कार्य जिससे परीक्षा के स्वच्छ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े या प्रभावित हो में सम्मिलित होने की मनाही की गई है ।किन्तु उक्त आदेश निम्नलिखित स्थिति में यथा कर्तव्य पर उपस्थित होने वाले सरकारी सेवकों के सद् भावी क्रिया-कलापों पर, परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के सद्भावी क्रिया-कलापों पर सिक्ख समुदाय के मामले में कृपाण कटारी एवं नेपाली नागरिकों के मामले में खूखरी धारण पर शव यात्रा धार्मिक अनुष्ठान पर धार्मिक पूजा शव यात्रा एवं शादी विवाह के मामले में अपवाद स्वरूप शिथिल रहेगा।

## सीएचसी में एएनसी जांच के दौरान हंगामा करते गर्भवत्ती महिलाएं

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली सीएचसी में ओपीडी में सोमवार को एएनसी जाँच शिविर का आयोजन चिकित्सा पदाधिकारी डा. साहिद एकवाल के नेतृत्व में किया गया. इस जाँच शिविर में 195 गर्भवत्ती महिलाएँ को महिला चिकित्सक डा. मिताली कुमारी एव आयुष चिकित्सक आकांक्षा कुमारी द्वारा जाँच की गयी . वही जाँच शिविर के दौरान सीएचसी में गर्भवत्ती महिलाएँ को हेल्थ मैनेजर अर्चना भट्ट द्वारा उपेक्षा की गयी. गर्भवत्ती महिलाएँ की न तो कोई नाश्ता दिया गया न ही सीएचसी में गर्भवती महिलाएं की बैठने की कोई समुचित व्यवस्था नही रहने से दर्जनों गर्भवती महिलाएं ने सीएचसी में जमकर हंगामा किया गया. सीएचसी में एएनसी जांच के लिए आये गर्भवत्ती महिलाएँ ने बताया कि ओपीडी में महिला चिकित्सक डा. मिताली कुमारी एव दंत चिकित्सक डा. साहिद एकवाल आयुष चिकित्सक डा. आकांक्षा कुमारी, डा. राजेश कुमार,डा. मुस्ताक ओपीडी में गर्भवत्ती महिलाएँ की जांच पड़ताल की. लेकिन भीषण गर्मी में सीएचसी के हेल्थ मैनेजर द्वारा सीएचसी गर्भवत्ती महिलाएँ के लिए पेयजल की व्यवस्था नही करने से गर्भवत्ती महिलाएँ पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता था.वही बिहार राज्य स्वास्थ समिति द्वारा एएनसी जाँच शिविर में गर्भवत्ती महिलाएँ के लिए पेयजल, फल एव अल्पहार को लेकर 50 रुपये राशि की मुहैया कराया जाता है. लेकिन सीएचसी हेल्थ मैनेजर द्वारा एएनसी जाँच के दौरान गर्भवती महिलाएँ को दिए जाने अपल्हार सहित अन्य व्यवस्था नही उपलब्ध कर सरकार द्वारा दिये गये राशि को गबन की गयी है. वही प्रभारी चिकित्सक डा. साहिद एकवाल ने बताया कि एएनसी जाँच में अत्यधिक गर्भवत्ती महिलाएँ की भीड़ उमड़ने से सर्वर डाउन होने से निबंधन काउंटर पर पुर्जा नही कटने से गर्भवत्ती महिलाएँ द्वारा हो हंगामा किया गया . सभी महिलाएँ को समझाबुझा कर समुचित उपचार किया गया.

## बदमाशों ने वृद्ध का एटीएम कार्ड बदलकर खाते से उड़ाए 40 हजार रुपए

समस्तीपुर, प्रातः किरण संवाददाता

नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के ताजपुर रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम से रुपए निकालने गए एक वृद्ध का एटीएम कार्ड बदलकर बदमाशों ने 10 हजार रुपए की निकासी कर ली। इस संबंध में नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 27 के धरमपुर न्यू कॉलोनी निवासी मो. शरफे आलम हाशमी ने शिकायत दर्ज कराने को लेकर स्थानीय थाने में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि रविवार को 10:15 बजे के करीब वह अपने पत्नी का एटीएम कार्ड लेकर ताजपुर रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम में गए थे। जहां पांच हजार निकालने के बाद वह 10 हजार रुपए निकालने के लिए उन्होंने अपना एटीएम कार्ड मशीन में इन्सर्ट किया था, लेकिन दो बार के प्रयास के बावजूद भी रुपए नहीं निकला। इसी दौरान ग्राहक बनकर आए दो बदमाश की विधि के बारे में बताने लगे, जिन्हें, उन्होंने बाहर जाने को कहा। इसी दौरान उन्होंने चुपके से उनके एटीएम कार्ड को बदलकर उसकी जगह जाली एटीएम कार्ड रख दिया। इस कारण वह रुपए नहीं निकल सके। वही तब तक सभी बदमाश फरार हो चुके थे और इसी बीच उनके मोबाइल पर 10-10 हजार रुपए उनके बैंक खाता से निकाले जाने का मैसेज प्राप्त हुआ। बाहर देखने पर सभी अपराधी फरार थे। वही संबंध में नगर थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।

## जमीनी विवाद में गोली मारकर हत्या व घायल मामले में मुख्य आरोपी फरार, मां और एक रिश्तेदार गिरफ्तार



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जितवारपुर चौथ के सपना टोल के पास बीते शनिवार को जमीनी विवाद में गोली मारकर एक की हत्या व दो अन्य लोगों को घायल कर दिए जाने के मामले को सुलझाने का दावा किया है। हालांकि पुलिस अब तक गोली चलाने के आरोपी विकाश कुमार उर्फ जिला राय को गिरफ्तार नहीं कर सकी है, लेकिन पुलिस ने उसकी मां किरण देवी और उसके एक रिश्तेदार बताए जा रहे जितवारपुर चौथ के ही सत्यनारायण राय के पुत्र रामप्रीत राय को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि यह दोनों ही अपराधी हैं और आरोपी विकाश कुमार उर्फ जिला राय कर गोली चलाने के दौरान दोनों ही घटनास्थल पर मौजूद थे। संबंध में जानकारी देते हुए एएसपी सह सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना के खुलासे और इसमें संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए उनके नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। मामले के खुलासा करते हुए एएसपी सह सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि गोली की घटना में जितवारपुर चौथ वार्ड 17 के स्व. राम गोविंद राय के पुत्र रिटायर्ड रेल कर्मी देवनारायण राय (70 वर्ष) की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। वहीं गोली लगने से गंभीर रूप से घायल उनके पुत्र सुरेंद्र कुमार राय (45 वर्ष) व मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कोरबद्धा के बैद्यनाथ राय के पुत्र मुलायम सिंह यादव (25 वर्ष) का शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। घायल सुरेंद्र कुमार राय की पत्न ी के लिखित आवेदन पर मुफ्फसिल थाना में जितवारपुर चौथ के शत्रुघ्न राय के पुत्र विकाश कुमार ऊर्फ जिला राय व 12 अन्य नामजद के विरुद्ध हत्या, हत्या के प्रयास, घातक हथियार के साथ दंगा करने व मारपीट कर अपमानित करते हुए धमकी देने का एफआईआर दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में रामप्रीत राय को मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार जमीन विवाद की यह घटना एक साल पूर्व से चला आ रहा था। जहां एक साल पहले भी उसी जगह पर बाउंड्री निर्माण के दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। जिसमें एक पक्ष के द्वारा बाउंड्री की दीवार को तोड़ दिया गया था। हालांकि इसके बाद स्थानीय लोगों ने बैठकर मामले को शांत कराया था, लेकिन दोनों पक्षों के बीच अंदरूनी तनातनी चल रही थी। घटना से एक दिन पूर्व भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था और इसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने कुछ रिश्तेदार को भी बुलाया था। घटना के दौरान वहां पर पंचायत भी हो रही थी और उसी समय आरोपी विकाश कुमार उर्फ जिला राय ने अपने घर से पिस्टल लाकर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए तीन लोगों को गोली मार दी।

## तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर भाजयुमो ने किया खुशी का इजहार



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भाजयुमो दरभंगा की तरफ से राजकुमार गंज स्थित अश्वनी कॉम्प्लेक्स परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपथ ग्रहण कार्यक्रम का बड़े एलईडी स्क्रीन पर प्रसारण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के कार्यकताओं के अलावा दरभंगा नगर भाजपा के पदाधिकारी गण के साथ काफी संख्या में महिला मोर्चा कि महिलाएं भी उपस्थित हुई। सबने एक साथ मिलकर मोदी जी के तीसरी बार शपथ ग्रहण कार्यक्रम को उत्साह मनाया ।सबों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पटाखे फोड्कर अपनी खुशी जाहिर की। इस संबंध में बताते हुए युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बालेन्दु झा ने बताया कि दरभंगा नगर के युवा साथियों से द्वारा आज के इस ऐतिहासिक दिवस पर जब तीसरी बार मोदी जी के प्रधानमंत्री पद की शपथ ले रहे इस कार्यक्रम को एक उत्सव के रूप में मनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया हम सभी कार्यकताओं ने और आम लोगों ने आपस में मिठाई खिला कर और पटाखे फोर कर इस ऐतिहासिक दिवस कि खुशियां मनाई। कम समय में इतना शानदार आयोजन करने के लिए अश्वनी परिसर के प्रबंधक अश्विनी कुमार को युवा मोर्चा की ओर से बधाई और धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में दरभंगा भाजपा के नगर अध्यक्ष मनोज झा, उपाध्यक्ष रंजीत चौधरी, पृथ्वी चौधरी, ज्योति गुप्ता, अनामिका सिंह, विक्रम चौधरी, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री गजेंद्र मंडल, रवि प्रकाश झा ,वार्ड 12 के स्थानीय पार्षद जिला उपाध्यक्ष मुकेश महासेठ, संगीत साह, वार्ड 11 की पार्षद सोनी पूर्वे,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष पिंटू भंडारी, महामंत्री सुमन सौरभ, उपाध्यक्ष प्रभाष झा, प्रदीप सिंह, अश्वनी कुमार ,अमरजीत महासेठ,महिला मोर्चा जिला मंत्री किरण मिश्रा, विचार परिवार के वरीष्ट सदस्य राजीव मधुकर, सुधा नंदन झा, संजीत मिश्रा ,युवा मोर्चा के जिला प्रवक्ता शशि भूषण चौधरी ,नितिन झा, जितेंद्र मिश्रा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेल्को इंडिया का बीस सदस्यीय टीम नें किया विभूतिपुर के कई गांवों का भ्रमण

विभूतिपुर, प्रातः किरण संवाददाता

सेल्को इंडिया के समस्तीपुर जिला के प्रबंधक यशवंत कुमार ने बताया कि सेल्को के आर्थिक सहयोग से जिले के विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत बेलसंडी तारा गांव स्थित सिवान चौक पर सोलर एनर्जी से संचालित भांति, खोकसाहा गांव स्थित सोलर मिल्किंग मशीन, डीप फ्रीजर और गांव में सोलर सिलाई मशीन से स्वरोजगार सृजन कर कम से कम लागत में आजीविका को अपना कर कम मानव श्रम का उपयोग कर ज्यादा से ज्यादा उत्पादन और आमदनी बढ़ाने में सेल्को इंडिया का सोलर एनर्जी विस्तार कार्यक्रम काफी सफल और लोकप्रिय हुआ है। नाबार्ड, स्वयंसेवी संस्था, बैंक एवं माइक्रो फाइनेंस के 20 सदस्यीय टीम ने अवलोकन किया। डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण ने सेल्को इंडिया के रोजगार सृजन कार्यक्रम को सराहनीय बताया। उन्होंने रोजगार परक सोलर सिस्टम का बढ़वा देने हेतु अन्य लोगों तक पहुंच बनाने पर बल दिया। मौके पर जवाहर ज्योति, बाल विकास केन्द्र के सचिव सुरेन्द्र कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीप्ति कुमारी, अकाउंटेंट पप्पू यादव, रनधीर कुमार, स्मृति कुमारी, अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन के निदेशक देव कुमार, आगा खान फाउंडेशन, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक से आशुतोष, सेल्को इंडिया की कोमल कुमारी, तकनीशियन आलोक कुमार, चंदन कुमार, पवन, संजय, जिला उद्योग केन्द्र के डीआरपी शर्मिला, मुकेश कुमार, आनंद कुमार ने रीना देवी के यहां मिल्किंग मशीन, उषा देवी के यहां डीसी डीप फ्रीजर, विकास कुमार ठाकुर के यहां सोलर भांति तथा नीलम देवी के यहां सोलर पावर सिलाई मशीन को देखकर काफी उत्साहित हुए। ग्रामीण इलाकों में सस्ते रोजगार के अवसर के लिए सेल्को इंडिया कृत संकल्पित है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 11 जून, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### चुनाव कर्मियों के भुगतान में कटौती को लेकर डीएम ने उप निर्वाचन पदाधिकारी से किया जवाब तलब

बेतिया(प.च) लोकसभा चुनाव समापन के बाद चुनाव कर्मियों के भुगतान में विवाद सामने आने लगे हैं' इसी कड़ी में पश्चिमी चंपारण के उप निर्वाचन पदाधिकारी को मतगणना कर्मियों को 700 रुपया कम देना महंगा पड़ गया है ' जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने पत्रांक 556 दिनांक 30 मई को पत्र निकालकर उप निर्वाचन पदाधिकारी पश्चिम चंपारण से 24 घंटे के अंदर में जवाब मांगा है ' जवाब नहीं देने पर उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि निर्वाचन आयोग को आगे अग्रसारित कर दिया जाएगा' गौरतलब है कि 30 मई के लेटर का जवाब उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा आज 10 जून 2024 तक भी नहीं दिया गया है' जिसको लेकर जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म है' अब देखना यह होगा कि यह ऊंट किस करवट बैठता है' दूरभाष पर बात करने पर उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि हम छुट्टी में हैं' साथ ही उन्होंने गलती स्वीकार करते हुए कहा कि हमसे या हमारे कार्यालय की किसी कर्मी से गलती हुई है ' बाकी रुपया दे दिया जाएगा ।

### रुद्र महायज्ञ में आयोजित रासलीला में भगवान का बाल स्वरूप देखकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

माँझी प्रखंड के भरवलिया राम खेलावन दास के पोखड़ा परिसर स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में रुद्र महायज्ञ के द्वितीय दिन मथुरा वृदावन से पधारे रासलीला के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल स्वरूप की लीला की जिसे देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे और जय श्रीकृष्ण के जयकारे से पूरा पंडाल गुज उठा भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप आकर्षक लीला का मनमोहक मंचन भी किया गया ।गोकुल में नंदबाबा योशोदा मईया पुत्र का बाल स्वरूप का दर्शन उनके बाल लीलाओं का भब्य आरती किया गया। वही कलाकारों ने मोर के पंख लगा आकर्षक नृत्य भी किया मंगल गीत भी गाए गए। इस दृश्य को देखकर श्रद्धालु विभोर हो उठे वही रासलीला में महर्षि गर्ग का संवाद का मंचन भी किया गया जिसे श्रद्धालुओं ने मंत्र मुग्ध होकर देखा।रविवार की रात यज्ञ मण्डप परिसर में रासलीला देखने वालों की भीड़ लगी रही ।मेला में लोगो ने लगे झूला का बैठकर आनंद उठा रहे है।

### धावा दल सदस्यों द्वारा मकेर में छापेमारी की गई

मकेर( सारण) सोमवार को श्रम संसाधन विभाग सारण द्वारा प्रखंड के मकेर बाजार के कई होटलों से नाबालिग लड़को को होटल से मुक्त कराया एवम होटल संचालक के विरुद्ध न्याय संगत कारवाई की प्रक्रिया की जा रही हैं ।मकेर बाजार के प्रतिष्ठान राजू स्वीट्स एंड बेकरी मकेर चौक से दो बाल श्रमिकों एवम माँ सुधा स्वीट्स एवम सुधा मिल्क पॉर्लर से दो को विमुक्त कराया ततपश्चात सभी बाल श्रमिको को बाल सुधार गृह छपरा को सुपुर्द किया एवम नियोजक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया ।धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी परसा अशोक कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गरखा मुन्ना कुमार के साथ मकेर थाना पुलिस की संयुक्त रूप से करवाई की गईं हैं ।मालूम हो कि बच्चों से होटलो एवम अन्य प्रतिष्ठानों में उनसे बाल श्रम करना गैर कानूनी है इसके बाद भी ज्यादातर होटलो एवम दुकानों में बाल श्रम कराया जाता है ।

### तुषार रंजन ने आईआईटी में सफलता हासिल कर बढ़ाया मान सम्मान

छपरा कार्यालय। स्थानीय कामता सखी मठ प्रभूनाथ नगर निवासी सेवानिवृत जिला उप शिक्षा निदेशक प्रमोद रंजन सिन्हा के पौत्र तुषार रंजन ने देश के सबसे कठिन और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग परीक्षा आईआईटी क्कळ खएए ट्रंल्लर 99.73% परसेंटाइल के साथ क्वालीफाई किया, तुषार रंजन के इस सफलता पर पूरे मुहल्लेवाशियों में हर्ष हैं, सभी लोग तुषार के सफलता पर आश्चर्यचकित हैं, तुषार को इस अद्भुत कृतिमान के लिए बार बार बधाई और शुभकामनाएं, दे रहे हैं, तुषार ने अपने सफलता का श्रेय अपने दादा जी को और अपने गुरुजनों को दिया,आपको बता दे की तुषार बचपन से ही पढ़ने में काफी मेघावी था, इसके पिता जी सुशांत रंजन भी पटना में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है,मां प्रेरणा सिन्हा अपने सपूत के सफलता पर फुले नहीं समा रही है, तुषार रंजन के इस सफलता पर भाजपा नेता अंकुर श्रीवास्तव ने भी बधाई दी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई साप्ताहिक बैठक

## सभी विभाग के पदाधिकारियों को विकास से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देते हुये क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का दिया निदेश

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक समन्वय बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन की प्रक्रिया अब समाप्त हो चुकी है। सभी पदाधिकारियों को अपनी पूर्ववत भूमिका में विकास से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देते हुये गति देनी होगी। इसके लिये सभी विभागों के पदाधिकारियों को अपने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से पूर्व कार्यालय प्रबंधन से संबंधित विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया था। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उस कार्यशाला में बताई गई पद्धति के अनुरूप कार्यों का निष्पादन करने को कहा गया। सभी प्रखंड/अनुमंडल/जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अपने पदस्थापन मुख्यालय में अनिवार्य रूप से आवासित रहने का स्पष्ट निदेश दिया गया। सभी पदाधिकारियों के आवासीय पता का संधारण कर इसकी औचक जाँच कराई जायेगी। उच्च न्यायालय से संबंधित लंबित वादों में अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं ससमय तथ्य विवरणी दाखिल करने का निदेश सभी पदाधिकारियों को दिया गया। दिसंबर 2023 तक के मामलों में आगामी 20 दिनों के अंतर्गत अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित कर तथ्य विवरणी दाखिल करने का निदेश दिया गया। निर्वाचन कार्य हेतु प्रखंड एवं अनुमंडल को दी गई अग्रिम राशि के विरुद्ध किये गये कार्यों से संबंधित विपत्र 24 घंटे के अंतर्गत निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा गया। सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य में उपयोग किये गये टेंट एवं पंडाल का सत्यापन प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध कराने को कहा गया। आपदा प्रबंधन के संदर्भ में सभी बांधों का भौतिक निरीक्षण संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों द्वारा किया जाना था। जिनके द्वारा यह कार्य पूरा नहीं किया गया है, उन्हें अविलंब निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया। कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ प्रमंडल को सभी पुल/पुलिया के वेंट की सफाई कराकर स्पष्ट प्रतिवेदन देने को कहा गया। विभिन्न विभागों से संबंधित परियोजनाओं के लिये भूमि की आवश्यकता से संबंधित कार्य को प्राथमिकता देते हुये निष्पादित करने को कहा गया। पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु जिन पंचायतों में भूमि की उपलब्धता का प्रस्ताव अप्राप्त है, उन पंचायतों के लिए शीघ्र भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। सभी भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता को इसकी नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया। विभिन्न परियोजनाओं हेतु भू-अर्जन से संबंधित मामलों में भी तेजी लाने का निदेश भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता को दिया गया। इसके लिये अपर समाहर्त्ता की अध्यक्षता में अंचलाधिकारियों के साथ बैठक कर क्रियान्वयन में तेजी लाने का निदेश दिया गया। जिला में विभिन्न स्थलों पर, विशेष रूप से जहाँ डायरिया की शिकायत हो, पानी के गुणवत्ता की जाँच सुनिश्चित करने का निदेश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, जिला लोकशिकायत निवारण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।

# दिघवारा नगर पंचायत कार्यालय के मुख्य गेट पर सफाई कर्मियों ने किया कचड़ा डंप

## सफाई एजेंसी की लापरवाही से नाराज है सफाई कर्मी



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।जहां शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ करने की जिम्मेवारी लेने वाली दिघवारा नगर पंचायत का कार्यालय खुद ही कचड़े में तब्दील हो गई है, दरअसल सफाई एजेंसी की लापरवाही से नाराज सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत कार्यालय के मुख्य गेट पर ही कचड़ा फेंक कर कार्यलय के कार्यों को बाधित कर दिया है,जिन्हें सफाई एजेंसी द्वारा 2 माह से वेतन नहीं दिया गया , साथ ही 18 माह से उन्हें ईपीएफ का कोई सुविधा नहीं मिला, जिससे नाराज होकर सफाईकर्मियों ने नगर पंचायत दिघवारा कार्यालय पर ही कचड़ा डंप कर दिया।अब मुख्य बाजार समेत नगर के सभी वार्डों में कचरों का उठाव नहीं होने से स्थिति नारकीय स्थिति बन गई है। पिछले दस दिनों से कचरे का उठाव बंद होने से नगर के लोगों में आक्रोश भी व्याप्त है। उधर सफाई कर्मियों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा उन लोगों का मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है जिसके कारण उन लोगों का दो महीने से मानदेय भुगतान लंबित है। इससे अजीज होकर सफाई कर्मियों ने हड़ताल करने का निर्णय किया है। इस दौरान सफाईकर्मियों ने नगर कार्यालय परिसर में जगह-जगह कचरा फेंक कर अपनी गुस्से का इजहार भी किया।वही जब सोमवार को नगर पंचायत के कर्मी पहुंचे तो मुख्य गेट पर कचड़े का अंबार पड़ा हुआ था, वही नगर पंचायत कर्मी बाहर खड़े थे।नगर पंचायत कार्यालय कर्मियो ने बताया की संवेदक और सफाईकर्मियों के बीच मध्यस्था की जा रही है जल्द ही स्वच्छता कार्य बहाल किया जायेगा।मुख्यपार्षद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने बताया कि सफाई ऐजेंसी लेखराज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड व पूर्व के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा मिलीभगत के तहत एक साल तक अवैध ढंग से सफाई का कार्य करवाया गया।साथ ही उन्होंने बताया कि एक साल पूर्व बोर्ड की बैठक में लेखराज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का कार्य निरस्त कर दिया गया था ।

# एक सेंट्रो कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी विदेशी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।मझौलिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को दोपहर के समय थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में किया गया छापामारी के दौरान रामनगर बनकट से जौकटिया जानें वाली सड़क से छापेमारी कर एक सेंट्रो कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब समेत दो कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी इसकी जानकारी इंस्पेक्टर सावधान अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की शराब कारोबारी अंग्रेजी विदेशी शराब के साथ शराब का खेत लेकर सप्लाई करनी हेतू जा रहे हैं सूचना पर टीमवर्क द्वारा एन एच 727 का घेरा बंदी किया गया इस दौरान रामनगर बनकट से जौकतिया जाने वाला मार्ग में एक सेंट्रो कार यूपी नंबरवढ 53 3114 में रॉयल स्टेज कंपनी का 750 टछ का 12 बोतल और 8 ढट ऋ्ङ्क'ं किंपनी का 180 टछ का 288 पीस फ्रूटी वाला अंग्रेजी शराब कुल मात्रा 60.84 लीटर के साथ बैरिया थाना क्षेत्र के दो शराब तस्कर सुभाष यादव पिता बर्मा यादव ग्राम मच्छरगावा और बिक्की यादव पिता वेलाश यादव को गिरफ्तार किया गया है उन्होंने बताया कि कार को जप्त कर लिया गया है जिला के वरीय अधिकारी को सूचना देते हुए दोनों शराब तस्करों को जेल भेज दिया गया है

# युवक कि सड़क दुर्घटना में मौत

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। गरखा थाना क्षेत्र के एनएच -722 छ्परा गरखा रोड ठिकहा मरीचा नहर के पास सुबह सुबह सीएनजी टेम्पू ओर ओवरलोड पिकअप की आमने सामने की टक्कर हो गई जिसको लेकर आंस पास के ग्रमीण जुट गए एवं अनान फानन में घायलों की स्थिति नाजुक देखते हुए पीएमसीएच भेज दिया गया जहा अस्पताल के चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया वही एक युवक अभय कुमार का इलाज चल रहा है। वही मृतक गरखा निवासी फूलबाबू साह के 16 वर्षीय पुत्र अजय कुमार बताया जा रहा है घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि संपर्क क्रांति ट्रेन से छ्परा जंक्शन पर उतड़कर सीएनजी ऑटो से घर लौट रहे तभी ठिकहा मरीचा नाहर के समीप सड़क दुर्घटना हो गया जिसमें दिल्ली से घर आ रहे ठिकहा मरीचा के पास टेम्पू ओर पिकअप की टक्कर में पूरी तरह घायल हो गए वही स्थानीय ग्रमीणों एवं गश्ती कर रहे पुलिस के द्वारा नाजुक स्थिति में पीएमसीएच भेजा गया, घर का सबसे बड़ा लड़का था अजय पिता जी बाजार में सब्जी का दुकान लगाते हैं। माँ मुन्नी देवी का रो रो कर बुरा हाल है। वही इसकी सूचना पाकर गरखा प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी रत्नेश रवीं मृतक के परिजनों को 23 हजार रुपये का चेक दिए।

# युवा मुखिया की सराहनीय पहल:पंचायत के लोगों को बिचौलियों से बचाने के लिए लगवाया शिविर

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम )। मझौलिया पंचायत के युवा मुखिया सत्य प्रकाश द्वारा पंचायत के विभिन्न वार्डों में वृद्धा पेंशन एवं राशन कार्ड बनाने व नाम जोड़ने से संबंधित विभिन्न कार्यों को लेकर सोमवार से पंचायत भवन परिसर में शिविर का शुभारंभ किया गया।उन्होंने बताया की शिविर में वृद्धा पेंशन, नया राशन कार्ड बनाने, शुद्धिकरण सहित नाम जोड़ने से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए मझौलिया पंचायत भवन परिसर में सभी वार्डों का दो दिवसीय शिविर लगाकर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि यह शिविर 10 जून से 10 जुलाई तक पंचायत के सभी वार्डों के लिए निर्धारित तिथि के अनुसार लगाया जाएगा। जिसमें सभी वार्ड सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बताते चले की राशन कार्ड में नाम जुड़वाने तथा वृद्धा पेंशन में नाम जुड़वाने को लेकर अनेक ग्रामीण इधर-उधर का चक्कर लगाते हुए परेशान हो रहे थे। इसी को लेकर कुछ बिचौलिए जमकर शोषण भी कर रहे थे। नाम जोड़ने से संबंधित विभिन्न कार्यों को लेकर सोमवार से पंचायत भवन परिसर में शिविर का शुभारंभ किया गया।उन्होंने बताया की शिविर में वृद्धा पेंशन ,नया राशन कार्ड बनाने, शुद्धिकरण सहित नाम जोड़ने से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए मझौलिया पंचायत भवन परिसर में सभी वार्डों का दो दिवसीय शिविर लगाकर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने ने बताया कि यह शिविर 10 जून से 10 जुलाई तक पंचायत के सभी वार्डों के लिए निर्धारित तिथि के अनुसार लगाया जाएगा। जिसमें सभी वार्ड सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बताते चले की राशन कार्ड में नाम जुड़वाने तथा वृद्धा पेंशन में नाम जुड़वाने को लेकर अनेक ग्रामीण इधर-उधर का चक्कर लगाते हुए परेशान हो रहे थे। इसी को लेकर कुछ बिचौलिए जमकर शोषण भी कर रहे थे।

# आरएसए की छात्रा इकाई ने किया विवि प्रशासन का पुतला दहन, कुलपति ने मांग पत्र पर दिया आश्वासन

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।आर एस ए छात्रा इकाई के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की घोषणा पूर्व के दिनों में हुआ था। सोमवार को तीनों जिलों में आर एस ए संघटन छात्रा इकाई के द्वारा पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। छपरा जिले मैं भी छात्रा इकाई के द्वारा जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा प्रशासन का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर एस ए छात्र नेत्रि शिवानी पाण्डेय गर्ग एवं विश्वविद्यालय छात्रा प्रमुख श्रुति पाण्डेय ने कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति केवल झूठ बोलते हैं. इनके 5 महीने के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर फैल चुका है। छात्र हित में कोई भी कार्य नहीं हो रहा है। केवल जात -पात करने में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी व्यस्त हैं। कुलपति की बात उनके नीचे के पदाधिकारी एवं कर्मचारी नहीं मानते हैं. तालमेल का घोड़ अभाव है। अपना कोर्स कंप्लीट नहीं हो रहा है. केवल दिखावे के लिए दूसरे विश्वविद्यालय से एमओयू किया जा रहा है. विश्वविद्यालय प्रशासन को बताना चाहिए कि एम ओ यू करने से अभी तक जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के कितने छात्रों को लाभ मिला है. आर एस ए छात्रा इकाई के द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन से कई मांग है जिनमे स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 24-28 नामांकन के लिए अप्लाई का लिंक को दुरुस्त किया जाए। अन्यथा अप्लाई के अन्य विधि का प्रयोग किया जाये। स्नातक प्रथम सेमेस्टर 23- 27 के छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया जाए।साथ ही साथ परीक्षा फॉर्म भरने का नोटिफिकेशन जारी किया जाये। स्नातक, स्नात्तकोत्तर, बीएड के लंबित परीक्षाओं का परीक्षा फॉर्म भरा जाए एवं परीक्षा फल का प्रकासन जल्द से जल्द किया जाये। पैट 2022 कोर्स वर्क का परीक्षा फॉर्म जल्द से जल्द भरा जाए एवं परीक्षा का आयोजन किया जाए।।र्व के 27 परीक्षाओं के स्नातक, स्नात्तकोत्तर, बीएड एवं अन्य परीक्षाओं का जो रिजल्ट प्रकाशित हो गई है. उस परीक्षा के हार्ड कॉपी छात्र-छात्राओं को दिया जाये। अर्जेंट डिग्री के लिए अत्यधिक शुल्क जो लिया जा रहा है। उसको तुरंत वापस किया जाए। शोधर्थियों का जो पिछले 5 महीने से ओपेन वायवा रुका हुआ है एवं शोध ग्रंथ जमा नहीं हो रहा है उसको चालू किया जाए। पैट 2023 का परीक्षा फॉर्म भरे छात्र छात्राओं का लगभग 9 महीना से अधिक हो रहा है. परीक्षा आयोजन की तिथि की घोषणा की जाए। पिछले दिनों पीजीआरसी के बैठक में कई निर्णय हुए है. उस निर्णय का अभी तक नोटिफिकेशन नहीं हुआ है। जिससे शोधार्थियों को भारी परेशानी की सामना करना पर रहा है। निर्णय का नोटिफिकेशन जल्द से जल्द किया जाए. आदि है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिवानी पांडे गर्ग, कुमारी छोटी सिंह, ईशा मिश्रा, संजना कुमारी, श्रुति पांडे, शालू कुमारी, प्रियंका कुमारी, मुस्कान कुमारी, सिद्धि कुमारी, रिचा कुमारी, काजल कुमारी, तनु कुमारी, अक्षिता आदि थी। उधर,आर एस ए छात्रा इकाई के आंदोलन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने संगठन के नेताओं से संपर्क कर. मांग पत्र को लिया। कुलपति प्रोफेसर पी के वाजपेई ने आश्वासन दिया कि सभी मांग जायज है एक सप्ताह के अंदर सभी मांग को पूरा किया जाएगा. संगठन के नेताओं के द्वारा वार्ता करने के बाद कहा गया कि अगर मांग नहीं पूरा किया गया तो बड़ा आंदोलन का सामना करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को तैयार रहना चाहिए।

# प्रसव पूर्व गर्भवती महिलाओं की चार बार एएनसी जांच जरूरी

प्रात: किरण, संवाददाता



मोतिहारी। जिले में मातृ-मृत्यु दर में कमी लाने व सुरक्षित प्रसव बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग काफी गंभीर है। स्वास्थ्य विभाग की सार्थक पहल के कारण माह में 9 तारीख एवं 21 तारीख को राज्य के सभी जिला अस्पताल, अनुमण्डलीय अस्पताल एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के एएनसी जांच की जा रहीं है। ताकि गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य जांच कराकर गर्भवस्था के दौरान उच्च जोखिम से बच सकें। जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्रवण कुमार पासवान ने कहा कि जिले की गर्भवती महिलाएं भी अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग दिख रहीं है, वे जिला एवं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना स्वास्थ्य जांच करा रहीं है।जिसका परिणाम है कि आज मातृ-मृत्यु दर में कमी आ रही है। डीसीएम नंदन झा ने बताया की आशा कार्यकताओं व आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएं घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल जाकर जाँच व इलाज के लिए प्रेरित करती हैं ताकि प्रसव के पहले ही संभावित जटिलता का पता चल सके। इससे प्रसव के दौरान होने वाली परेशानियों मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भी कमी आती है। गर्भावस्था की संपूर्ण अवधि के दौरान कम से कम चार बार एएनसी जरूरी है। सदर अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक कौशल कुमार दुबे ने बताया कि आज 45 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गईं इस दौरान हीमोग्लोबिन प्रतिशत, खून में ग्लूकोज की मात्रा, ऑक्सीजन लेवल, ब्लड प्रेशर, एचआई वी आदि की जांच की गईं ताकि सुरक्षित प्रसव कराया जा सकें। सदर अस्पताल की महिला चिकित्सक डॉ. सुरुचि कुमारी ने बताया की गर्भवती महिलाओं को पहली जांच गर्भधारण के 12वें सप्ताह तक, दूसरी जांच 14वें से 26वें सप्ताह तक, तीसरी 28वें से 32वें सप्ताह तक और अंतिम जांच 34वें से प्रसव होने से पहले तक करा लेनी चाहिए।गर्भवती महिलाओं को सन्तुलित आहार के साथ आयरन एवं कैल्शियम की गोली का उचित मात्रा में सेवन करना जरूरी है तभी गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को उनके गर्भ में पल रहे बच्चे का उचित शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

# गन्ना मूल भुगतान अविलंब करें प्रबंधन

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) मझौलिया चीनी मिल प्रबंधन द्वारा वित्तीय वर्ष का गन्ना मूल्य भुगतान में काफी विलंब होने की गन्ना किसानों के शिकायत को गंभीरता से लेते हुए गन्ना पदाधिकारी रेमंट झा ने गंभीरता से लेते हुए 20 दिनो के अंदर किसानों के खाते में पूर्ण भुगतान भेजने का सख्त हिदायत दिया है।बताया जाता है जिला किसान नेता अशोक मिश्रा ने ईख पदाधिकारी द्वारा शिकायत किया है कि चीनी मिल प्रबंधन की घोर लापरवाही के कारण गन्ना किसान त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं।वहीं काफी लागत एवं उम्मीद से किसान ईख की खेती करते हैं की समय पर हम लोगों का काम हो जाए।परंतु समय पर भुगतान नहीं होने से किसानों का पारिवारिक भरण पोषण करने,शादी विवाह,बीमारी समेत अपनी जरूरत का काम करने में काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। अब तक चीनी मिल प्रबंधन द्वारा 16 फरवरी तक ही गन्ना भुगतान किसानों के बैंक खाता में भेजा गया है जो काफी खेद जनक विषय है। मझौलिया चीनी मिल को छोड़कर सभी चीनी मिल प्रबंधन द्वारा समय पर गाना का भुगतान किसानों के खाते में कर दिया जाता है।किसान नेता ने चीनी मिल प्रबंधन एवं जिला के प्रशासनिक पदाधिकारी से अविलंब गन्ना भुगतान करने की अपील की है।अन्यथा बाध्य होकर पार्टी के बैनर तले चीनी मिल प्रबंधन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।इस संदर्भ में गन्ना पदाधिकारी ने बताया कि समय पर गन्ना मूल्य भुगतान करने का निर्देश पूर्व में कई बार दिया जा चुका है। अंतिम चेतावनी दिया जा रहा है कि 20 दिन के अंदर चीनी मिल प्रबंधन हर हाल में किसानों के खाते में गन्ना भुगतान की राशि भेजें अन्यथा बाध्य होकर विभागीय कार्रवाई प्रबंधन के खिलाफ की जा सकती है।

# मोदी के तीसरी कैबिनेट में भी सारण का प्रतिनिधित्व नहीं, विकास की उम्मीदें टूटीः राजद

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा ' सारण जिला राष्ट्रीय जनता दल ने केन्द्र में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बनने वाली मोदी 3.0 की कैबिनेट में सारण का प्रतिनिधित्व नहीं देने पर पीएम नरेंद्र मोदी के सारण विरोधी चेहरे को उजागर करता है। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सारण जिले मे दो लोकसभा क्षेत्र है क्रमशः सारण और महाराजगंज है । राजीव प्रताप रूढ़ी और जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विगत तीन बार से लगातार सांसद बनते आ रहे हैं, परंतु एक बार भी उक्त दोनों सांसद ने लोकसभा के अंदर कभी भी ईमानदारी और मजबूती के साथ सारण जिले से मजदूरों का पलायन रोकने, जिले में देश स्तरीय शिक्षण संस्थान व आधुनिक तकनीक से लैस अस्पताल खोलने,सारण का कभी गौरव रहा मढ़ौरा का मार्टन फैक्ट्री और चीनी मिल को चालू करवाने तथा जेपी की जन्मभूमि सिताबदियारा से बापू की कर्मभूमि चंपारण तक नई रेल लाईन बिछाने की मांग केन्द्र सरकार से नहीं की, जिससे सारण के जनता की नजरों में विकास विरोधी चेहरे को उजागर करता है। राजद प्रवक्ता ने भाजपा सांसदों पर तंज कसते हुए कहा कि लगातार तीन बार से सारण और महाराजगंज की जनता जिन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुन लोकसभा में भेजने का काम कर रही है, उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मंत्रीमंडल के काबिल ही नहीं समझ रहे हैं, जिसके चलते सारण की जनता को इन सांसदों से सारण के विकास की उम्मीदें नई कैबिनेट के गठन से टूट चुकी है।

# छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जेपीयू कुलपति प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार बाजपेई से मिला युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।सोमवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार बाजपेई से संगठन के पदाधिकारी अमित नयन के नेतृत्व में मिला। जेपीयू कुलपत महोदय को संगठन के पदाधिकारी अमित नयन ने अवगत कराते हुए कहा कि करीब एक वर्ष से बहुत शिक्षा छात्रों को जो ऑफलाइन मोड में डिग्री के लिए डॉक्यूमेंट जमा किए हैं उनको डिग्री मिलने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।सबसे पहले डिग्री सर्टिफिकेट के लिए ऑफलाइन मोड में जमा हुए डॉक्यूमेंट का वेरिफिकेशन कराकर छात्रों को डिग्री उपलब्ध कराने की कृपा करें। छात्रों को अंक पत्र महाविद्यालय में सुगमतापूर्वक पहुंचे इसका अपने स्तर से प्रयास करें।लॉ की पढ़ाई बहाल करने, पीजी सत्र 2022 24 के पंजीयन से वंचित छात्रों के लिए पंजीयन की तिथि को विस्तारित करने, एकेडमिक माहौल को बेहतर करने आदि विभिन्न छात्र समस्याओं को लेकर गंभीर चर्चा की। कुलपत महोदय ने कहा कि छात्रों को महाविद्यालय में प्रिंटेड मार्कशीट जल्द से जल्द उपलब्ध हो इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के बेहतरीन के लिए निरंतर प्रयास जारी है। प्रतिनिधि मंडल में अमित नयन, सोनम कुमारी, प्रीति कुमारी, कृति कुमारी पांडे, अंजलि कुमारी, रौनक, मोहन आदि छात्र शामिल ।

# तीन नए कानून लागू को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण शुभारंभ : एसपी

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा ' सोमवार को तीन अपराधिक कानून लागू करने को लेकर स्थानीय पेक्षा गृह में प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ हो गया ' इस आशय की जानकारी देते हुए सारण के पुलिस कप्तान डॉक्टर कुमार आशीष ने बताया कि आगामी 1 जुलाई 2024 से तीन नया अपराधिक कानून लागू होना है ' जिसमें भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल है ' पुलिस अधीक्षक के अनुसार तीनों नए कानून को लेकर तीन सत्र में स्थानीय डाक बंगला रोड स्थित पेक्षा गृह में आज विधिवत प्रशिक्षण का शुभारंभ हो गया ' प्रथम सत्र का प्रशिक्षण 10 जून से 12 जून तक चलेगा, द्वितीय सत्र 13 जून से 15 जून तक तथा तृतीय सत्र की ट्रेनिंग 18 जून से 20 जून तक आयोजित होगा ' एसपी कुमार आशीष ने यह भी बताया कि प्रथम सत्र के दिन लगभग 300 अनुसंधानकताओं को पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया ' प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक के संबोधन से शुरूआत हुआ ' इस अवसर पर सारण रेंज के डीआईजी, पुलिस कप्तान सहित वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे '

# धावा दल द्वारा रक्सौल से 2 बाल श्रमिक कराए गए मुक्त, दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, रक्सौल कीर्तिवर्धन सिंह के नेतृत्व में रक्सौल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में रक्सौल प्रखंड के कुल-01 प्रतिष्ठान आनंद लस्सी और जूस हाउस रक्सौल से 01 बाल श्रमिक को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा। बाल एवं किशोर श्रम, प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है, जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000 रुपए प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, रक्सौल कीर्तिवर्धन सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कल्याणपुर सरफराज अहमद खान, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, आदापुर राजीव रंजन प्रसाद गोंड, प्रयास संस्था से विजय कुमार शर्मा एवं रक्सौल थाना से 06 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 11 जून, 2024





# मिर्जापुर 3 की रिलीज डेट पर अली फजल ने दिया अपडेट

मिर्जापुर के प्रशंसक क्राइम ड्रामा फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त मिर्जापुर 3 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेजन प्राइम वीडियो इस सीरीज की स्ट्रीमिंग जुलाई 2024 में शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक शो की रिलीज डेट की पुष्टि नहीं की है। इसी बीच शो में गुड्डू भैया का किरदार निभाने वाले अभिनेता अली फजल ने दिलचस्प खुलासा किया है। अभिनेता ने सीरीज की रिलीज डेट को लेकर बड़ा हिंट दिया है, जिसका वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है।

## मिर्जापुर 3 पर आया बड़ा अपडेट

अली फजल ने आज, 8 जून को शो की रिलीज डेट के बारे में बताते हुए एक और रोमांचक वीडियो जारी किया। वीडियो में शो के गुड्डू भैया उर्फ अली फजल चिढ़े हुए नजर आ रहे हैं क्योंकि वह भी जानना चाहते हैं कि मिर्जापुर सीजन 3 डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कब आएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि निर्माता उनकी पेशी करने की योजना बना रहे हैं और फिर रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे।

## अली फजल के वीडियो ने बढ़ाया उत्साह

वीडियो में अली फजल ट्रेलर लॉन्च इवेंट के बारे में बात कर रहे हैं जहां शो की रिलीज की तारीख का खुलासा किया जाएगा। वीडियो में अभिनेता कहते हैं, डेट खोजने आए हो ना, डेट मिल जाएगी हम भी यही सोचे थे। ये जो दिमाग वाले लोग है ना पीछे, ये पहले खिलाएंगे, फिर घुमाएंगे, फिर तड़पाएंगे। फिर हमारी पेशी होगी कुछ दिनों में और वहां होगी फेस टू फेस बात। फिर मचेगा भौकाल।

## नेटिजन्स ने की दिलचस्प टिप्पणी

जैसे ही अभिनेता ने यह वीडियो जारी किया, नेटिजंस अपना उत्साह व्यक्त करने के लिए कमेंट सेक्शन में आ गए। एक यूजर ने पूछा, पेशी कहां होगी? एक अन्य ने लिखा, तारीख पर तारीख चली जाएगी लेकिन सटीक तारीख नहीं मिलेगी... पंचायत का संदर्भ देते हुए एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, किजिए मीटिंग मीटिंग, खेलिए मीटिंग मीटिंग, हलुआ मीटिंग मीटिंग। जानकारी हो कि सीरीज के तीसरे सीजन यानी मिर्जापुर 3 में अली फजल, पंकज त्रिपाठी, श्वेता त्रिपाठी शर्मा और रसिका दुग्गल जैसे सितारे मुख्य भूमिका में होंगे।



# बिग बॉस ओटीटी 3 का हिस्सा बनने जा रही हैं टीवी एक्ट्रेस सना मकबूल खान

टीवी पर बिग बॉस का राज तो चलता ही है, ओटीटी पर भी इसका डंका बजता है। फैंस बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का इंतजार कर रहे हैं। इस बार होस्ट सलमान खान नहीं, बल्कि झक्कास अनिल कपूर होंगे। शो 21 जून से जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगा। कंटेस्टेंट्स के नाम की चर्चा हो रही है। मेकर्स बड़े-बड़े स्टार्स को अप्रोच कर रहे हैं। अहाना देओल, त्रिशाला दत्त, तनुश्री दत्ता, नुपूर सेनन के अलावा वड़ा-पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित, रियाज अली और शिवांगी जोशी तक के नाम सामने आ रहे हैं। इस लिस्ट में सना मकबूल खान का नाम भी शामिल है, जो तीन साल बाद टीवी पर वापसी कर रही हैं। उन्हें पिछली बार 2019 में रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 11 में देखा गया था।

## सना की एक्टिंग में ऐसे हुई थी शुरुआत

13 जून 1993 को मुंबई जन्मीं सना 25 साल की हैं। उनकी मां मलयाली हैं। उन्होंने 2014 में तेलुगू मूवी से डेब्यू किया। इसके अलावा वो टीवी शो ईशान- सपनों की आवाज दे (2010) में भी थीं। और इससे एक साल पहले 2009 में वो रिएलिटी शो स्कूटी टीन दीवा में दिखीं। 2012 में फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया और ब्युटीफुल स्माइल का अवॉर्ड अपने नाम किया।

## इन शोज में नजर आ चुकी हैं सना

सना को कितनी मोहब्बत है 2, इस प्यार को क्यां नाम दूं, अर्जुन, आदत से मजबूर और खतरों के खिलाड़ी 11 में देखा जा चुका है। सूत्रों ने बताया - सना और अरमान मलिक को साइन कर लिया गया है। हम कंटेस्टेंट्स से बातचीत कर रहे हैं और उम्मीद है कि कुछ हफ्तों में लिस्ट फाइनल हो जाएगी। ये शो 21 जून से शुरू होगा और 19-20 जून को कंटेस्टेंट्स घर में एंट्री करेंगे। सना ने हाल ही में एक्टर और बिग बॉस 13 के कंटेस्टेंट रहे विशाल आदित्य सिंह के साथ एक छोटा-सा वीडियो शेयर किया है। इसमें मोहब्बत की दिल छू लेने वाली कहानी दिखाई गई है। इसका नाम है परवाह।

## सानविका की गुजारिश

# कृपया मुझे वकील और पुलिस ऑफिसर के रोल दें



प्राइम वीडियो की चर्चित सीरीज पंचायत की रिंकी यानि अभिनेत्री सानविका ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। पहले सीजन में दर्शकों को सिर्फ उनका नाम सुनने को मिला था। दूसरे सीजन में वह दर्शकों से रूबरू हुईं। इसके बाद वे सभी की पसंदीदा किरदार बन गईं। अब इस सीरीज का तीसरा सीजन आ चुका है। सचिव जी (एक्टर जितेंद्र) के साथ रिंकी की केमिस्ट्री इस सीरीज का मुख्य आकर्षण है। लेकिन, रियल लाइफ में दोनों की केमिस्ट्री कैसी है? हाल ही में सानविका ने इस बारे में बात की है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान सानविका ने जितेंद्र के साथ रियल लाइफ में अपनी बॉन्डिंग पर बात करते हुए कई दिलचस्प बातों का खुलासा किया। एक इंटरव्यू के दौरान सानविका से सीरीज में उनके फेवरेट को-स्टार के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि उनका हर किसी के साथ अच्छा बॉन्ड है, लेकिन जितेंद्र के साथ सबसे अच्छा है। दोनों के बीच अच्छी समझ विकसित हुई है।
सानविका ने आगे कहा कि वे एक-दूसरे से ज्यादा बात नहीं करते हैं, क्योंकि वह बहुत शर्मीले हैं। और शुरुआत में वे खुद भी काफी रिजर्व थीं। सानविका ने कहा, हम अपने सीन की प्रैक्टिस किया करते थे। डायलॉग की रिहर्सल करते थे। इसके बाद जाकर परफॉर्म करते थे। सानविका के मुताबिक सीजन 3 में उन्होंने बातचीत करनी शुरू की, फिर जितेंद्र ने भी इस पर रेस्पॉन्स दिया।
सानविका ने आगे बताया कि पंचायत सीरीज के बाद उन्हें काफी ज्यादा ऑफर मिल रहे हैं, लेकिन वे चाहती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर उन्हें अलग किस्म के किरदार दें। अभिनेत्री ने कहा कि शुरुआत में वह काफी दुबली थीं। तब उन्हें एक जैसे रोल मिलते थे। मध्यम वर्गीय इंसानों वाले। सानविका ने कहा कि उन्हें मध्यम वर्गीय और निम्न मध्यम वर्गीय रोल करने में कोई एतराज नहीं है, लेकिन वे इनके साथ कुछ अलग तरह के किरदारों के साथ भी प्रयोग करना चाहती हैं। सानविका ने कास्टिंग निर्देशकों से अलग-अलग तरह के किरदार ऑफर करने का अनुरोध करते हुए कहा, प्लीज,अलग-अलग भूमिकाओं के लिए भी आप मेरा ऑडिशन ले सकते हैं। मैं एक अमीर इंसान, एक वकील और पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा सकती हूं... मैं अलग-अलग चीजें कर सकती हूं।

# बैड कॉप ट्रेलर में गुलशन देवैया का करण अर्जुन अवतार



निर्देशक से अभिनेता बने अनुराग कश्यप और पहली बार डबल रोल कर रहे गुलशन देवैया की आदित्य दत्त निर्देशित आगामी वेब सीरीज बैड कॉप को लेकर बज बना हुआ है। इसकी रिलीज पर अब तक सस्पेंस बरकरार था। मगर, आज इसका खुलासा हो गया है। सीरीज का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, इसी के साथ रिलीज डेट पता चल गई है। बैड कॉप इसी महीने डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर दस्तक देगी। और तारीख है 21 जून। इसमें गुलशन देवैया और अनुराग कश्यप एक्शन दिखाते नजर आएंगे। डिज्नी हॉटस्टार ने आज आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से ट्रेलर जारी किया है। इसमें सीरीज की कहानी की झलक नजर आ रही है। यह सीधी-सादी नहीं है, इसमें कई ट्विस्ट हैं। सस्पेंस हैं। अनुराग कश्यप जिस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं, लगता है वहां बिना गाली-गलौज संवाद लेखन का काम मुश्किल है! इसमें भी कुछ ऐसा है। आज जारी वीडियो में शुरुआत में ही गाली से बोहनी होती है।


## करण-अर्जुन की दिलचस्प कहानी

रिलीज डेट का खुलासा करने के साथ कैप्शन लिखा है, ये तो बस एबीसीड था! करण अर्जुन आएंगे 21 जून को टी फॉर ट्विस्ट लेकर। यह सीरीज 21 जून को हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में गुलश देवैया पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। अनुराग कश्यप बैड बॉय की छवि में हैं, उनका किरदार नेगेटिव है। गुलशन करण के रोल में हैं, अनुराग कश्यप अर्जुन के रोल में, जो कि चोर है।



# बढ़ती लागत की बहस का हिस्सा बने कार्तिक आर्यन

बॉलीवुड इंडस्ट्री में इन दिनों वेतन कटौती का मुद्दा गर्माया हुआ है। बीते दिन बड़े पैमाने पर यह रिपोर्ट सामने आई कि स्टारकास्ट की फीस और अभिनेताओं की अनचाही महंगी मांगों की वजह से फिल्म व्यवसाय को काफी नुकसान पहुंच रहा है। बीते दिन फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने फिल्मों के बजट और रेवेन्यू को लेकर खुलकर बात की। इसी बीच कार्तिक बॉलीवुड में बढ़ती लागत पर टिप्पणी करने वाले नवीनतम स्टार भी बन गए हैं। यह एक ऐसी प्रथा है जिसने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर बोझ डाला है और निचले स्तर के तकनीशियनों को वेतन में कटौती करने के लिए मजबूर किया है।
एक हालिया इंटरव्यू में कार्तिक आर्यन ने खुलासा किया कि उन्होंने पिछले साल की एक्शन कॉमेडी फिल्म शहजादा में काम करते समय अपनी फीस छोड़ने का फैसला किया, क्योंकि फिल्म वित्तीय संकट का सामना कर रही थी। उन्हें रोहित धवन निर्देशित फिल्म के लिए निर्माता का श्रेय दिया गया, जिसमें कृति सेनन भी थीं। कार्तिक आर्यन ने कहा, मुझे फिल्म में निर्माता का श्रेय मिला क्योंकि मैंने अपनी फीस छोड़ दी। मैंने ऐसा तब किया जब कोई इन चीजों के बारे में बात नहीं कर रहा था। उनके पास पैसों की कमी हो रही थी, इसलिए मैंने अपना पारिश्रमिक छोड़ दिया। सितारों के बारे में ऐसा कोई नहीं लिखता। यह सिर्फ मैं ही नहीं, बहुत सारे सितारे ऐसा करते हैं और इससे भी बड़ी चीजें। कार्तिक यहीं नहीं रुके और अपनी बात में आगे जोड़ा, एक सीधा सा गणित है। निर्देशकों, अभिनेताओं से लेकर निर्माताओं तक, हर कोई चाहता है कि उनकी फिल्में चलें। कोई भी अपनी फिल्में लोड नहीं करना चाहता। मुझे नहीं लगता कि कोई यह सोचता है कि नहीं, नहीं, मैं जो चाहूं चार्ज करूंगा चाहे फिल्म बर्बाद हो जाए। शहजादा के निर्माता भूषण कुमार ने भी पहले कार्तिक आर्यन की प्रशंसा की थी और कहा था कि अभिनेता मुश्किल समय में टीम के साथ खड़े रहे क्योंकि उन्होंने अपनी फीस छोड़ दी थी।




# बड़े पर्दे पर दुलकर सलमान से भिड़ेंगे शिवकार्तिकेयन? लकी भास्कर और अमरन में होगी टक्कर

साउथ सिनेमा की कई बहुप्रतीक्षित फिल्में रिलीज होने के लिए कतार में हैं। अब ऐसी अफवाहें हैं कि तमिल अभिनेता शिवकार्तिकेयन और मलयालम अभिनेता दुलकर सलमान की बॉक्स ऑफिस पर टक्कर होने की संभावना है। दरअसल, दुलकर सलमान की फिल्म लकी भास्कर की रिलीज की तारीख का खुलासा पहले से हो चुका है। यह फिल्म 27 सितंबर को बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। इससे पहले इस फिल्म की टक्कर पवन कल्याण की ओजी से होने की संभावना थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

## अमरन से होगी लकी भास्कर की टक्कर

अब यह साफ हो चुका है कि पवन कल्याण की फिल्म ओजी 27 सितंबर को नहीं आ रही है और इसलिए उस तारीख पर अब दुलकर सलमान की फिल्म का कब्जा है। मूल रूप से तेलुगु में शूट की गई यह फिल्म बहुभाषी रिलीज होगी। हालांकि, अब एक नई चर्चा शुरू हो गई है। भले ही पवन कल्याण की फिल्म से दुलकर की फिल्म की टक्कर न हो, लेकिन शिवकार्तिकेयन की बहुप्रतीक्षित देशभक्ति फिल्म अमरन से कड़ी टक्कर मिल सकती है। कॉलीवुड फिल्म जगत में चर्चा है कि शिवकार्तिकेयन की अमरन अलग-अलग भाषाओं में उसी तारीख यानी 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। हालांकि, रिलीज की तारीख के बारे में आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।

## मुकुंद वरदराजन की बायोपिक है अमरन

अमरन 2014 में जम्मू कश्मीर के शोपियां में एक आतंकवादी रोधी अभियान में शहीद हुए मेजर मुकुंद वरदराजन की बायोपिक है। उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। अमरन में शिवकार्तिकेयन एक भारतीय सेना राष्ट्रीय राइफल्स अधिकारी यानी मेजर मुकुंद वरदराजन की भूमिका में हैं। यह एक्शन ड्रामा देशभक्ति पर आधारित फिल्म है। फिल्म में अधिकारी कश्मीर के लिए लड़ते नजर आएंगे। अमरन का संगीत जीवी प्रकाश ने दिया है। वहीं, छायांकन सीएच साई ने किया है। यह फिल्म 2017 की फिल्म रंगून के लिए जाने जाने वाले राजकुमार पेरियासामी द्वारा निर्देशित है। साथ ही फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। फिल्म में साई पल्लवी भी मुख्य भूमिका में होंगी।

## लकी भास्कर की कहानी

वहीं बात करें दुलकर सलमान की लकी भास्कर की तो फिल्म में बॉम्बे के मगाडा बैंक में एक कैशियर के रूप में दुलकर नजर आऐंगे। जो फिल्म में एक काल्पनिक मगध बैंक में काम करते हैं। वे रोज-रोज जागने, कपड़े पहनने, ट्रैफिक से बचने और कभी-कभी बैंक में जाकर केवल सिर हिलाने से थक चुके हैं, लेकिन एक दिन उनके पास अचानक बहुत पैसा आ जाता है। मीनाक्षी चौधरी भी फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं और नागा वामसी इसे निर्मित कर रहे हैं।



# टी20 विश्व कप में भारत के आगे बाबर सेना हुआ शर्मसार

**संक्षिप्त समाचार**

## ट्रैक्टर बेचकर मैच देखने पहुंचा पाकिस्तान फैन, हार ने किया निराश



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** भारत ने न्यूयॉर्क में एक रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान पर अपनी सातवीं टी20 विश्व कप जीत हासिल की। इस जीत से भारतीय प्रशंसकों में खुशी का माहौल है जबकि पाकिस्तानी समर्थकों में शोक है। वहीं भारत-पाक मैच देखने के लिए ट्रैक्टर बेचकर आया एक पाकिस्तानी फैन हार से काफी निराश हो गया। पाकिस्तानी समर्थक ने 3,000 डॉलर का टिकट खरीदने के लिए अपना ट्रैक्टर बेच दिया था, अविश्वास में खड़ा था। उन्होंने अपनी निराशा साझा करते हुए कहा, मैंने 3000 अमेरिकी डॉलर का टिकट पाने के लिए अपना ट्रैक्टर बेच दिया है। जब हमने भारत का स्कोर देखा, तो हमने नहीं सोचा था कि हम यह मैच हारने वाले हैं। हमने सोचा कि यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। खेल हमारे हाथ में था लेकिन बाबर आजम के आउट होने के बाद लोग निराश हो गए। मैं आप सभी (भारतीय प्रशंसकों) को बधाई देता हूं।

मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। भारतीय बल्लेबाज इस कठिन सतह पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और स्टार सलामी बल्लेबाज विराट कोहली (4) और रोहित शर्मा (13) बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे। ऋषभ पंत (31 गेंदों में छह चौकों की मदद से 42 रन) एक अलग पिच पर खेल रहे थे और उन्होंने अक्षर पटेल (18 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 20 रन) और सूर्यकुमार यादव (आठ गेंदों में एक चौके की मदद से सात रन) के साथ उपयोगी साझेदारियां कीं। ऐसी कठिन पिच पर रन बनाने के दबाव में निचला मध्यक्रम बिखर गया और भारत 19 ओवर में सिर्फ 119 रन बना सका। हारिस रऊफ (3/21) और नसीम शाह (3/21) पाकिस्तान के शीर्ष गेंदबाज थे। मोहम्मद आमिर को दो जबकि शाहीन शाह अफरीदी को एक विकेट मिला।

## साल पहले करियर खत्म होने के बारे में पूछते थे और अब सर्वश्रेष्ठ कहते हैं : बुमराह

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के दुर्लभ नगीनों में शुमार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कहना है कि उन्हें यह बात बड़ी हास्यास्पद लगती है कि एक साल पहले तक लोग उनके करियर के खत्म होने की बातें कर रहे थे और अब उन्हें सर्वश्रेष्ठ बुलाते हैं। बुमराह ने 2022 में पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' के लिए सर्जरी करायी थी जिसके कारण वह आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाये थे। घरेलू सरजमीं पर श्रृंखला में वापसी करने से पहले उन्हें खिंचाव आ गया जिससे वह 10 से ज्यादा महीनों के लिए क्रिकेट से बाहर हो गये। लोग उनके तीनों प्रारूपों में खेलने के कार्यभार से निपटने की काबिलियत पर सवाल उठाने लगे। लेकिन बुमराह ने पिछले एक साल में तीनों प्रारूपों में मिलाकर 67 विकेट झटककर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया जिसमें रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ कम स्कोर वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाने वाला मैच विजयी प्रदर्शन भी शामिल है। बुमराह ने वापसी करने की उनकी काबिलियत पर शक करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा, 'एक साल पहले तक ये ही लोग कह रहे थे कि मैं शायद फिर दोबारा नहीं खेल पाऊंगा और मेरा करियर खत्म हो गया है। लेकिन अब यह सवाल बदल गया है। भारत ने महज 119 रन पर सिमटने के बाद बुमराह के शानदार प्रदर्शन के बूते पाकिस्तान को सात विकेट पर 113 रन के स्कोर पर रोक दिया। बुमराह आलोचकों की 'अदलू बदलू' प्रकृति को बखूबी समझते हैं और जानते हैं कि उनके लिए सर्वश्रेष्ठ यही है कि वह खुद के नियंत्रण वाली चीजों पर काम करें। उन्होंने कहा, 'मैं मैच में इस चीज पर ध्यान नहीं देता कि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से गेंदबाजी कर रहा हूं या नहीं, बल्कि मैं मैच में मौजूद समस्या का निदान करने की कोशिश करता हूं।

### वह जीनियस है, उसपर विश्वास था: रोहित शर्मा



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को 'जीनियस' करार देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि यह तेज गेंदबाज टी20 विश्व कप में आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखे। बुमराह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने अपने कम स्कोर का बचाव करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 रन से शर्मनाक रूप से हराया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद कहा, 'उसके (बुमराह) प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। हम सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। उसके बारे में बहुत अधिक बात नहीं करूंगा। हम चाहते हैं कि वह पूरे विश्व कप में इसी तरह की मानसिकता के साथ खेले। वह जीनियस है। हम सभी यह जानते हैं।' भारतीय कप्तान ने कहा कि कम स्कोर बनाने के बावजूद उनको मैच जीतने का विश्वास था क्योंकि पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नहीं थी। उन्होंने कहा, 'हमारे पास जिस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है उससे हम आश्वस्त थे। जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने आपस में कहा कि अगर हमारे साथ ऐसा हो सकता है तो उनके साथ भी हो सकता है।' भारत का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 89 रन था लेकिन इसके बाद उसने 30 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, 'हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमारी पारी के आधे भाग तक हम अच्छी स्थिति में थे। हम अच्छी साझेदारी निभाने में नाकाम रहे। हमने बात की की इस तरह की पिच पर प्रत्येक रन मायने रखता है। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच की तुलना में यह अच्छा विकेट था।' रोहित ने कहा, 'इस तरह के विकेट पर थोड़ा योगदान भी बड़ा अंतर पैदा कर सकता है।' बुमराह को लगातार दूसरे मैच में मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना आसान हो गया था लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। बुमराह ने कहा, 'सच में बहुत अच्छा लग रहा है। हमने थोड़ा कम रन बनाए थे और धूप खिलने के बाद बल्लेबाजी करना थोड़ा आसान हो गया था। हमने वास्तव में अनुशासित गेंदबाजी की और इसलिए यह अच्छा लग रहा है।

## जीत के बाद उम्मीद है प्रशंसक बड़ी मुस्कान के साथ घर जाएंगे: रोहित शर्मा

टीम इंडिया ने न्यूयॉर्क की खराब मानी जा रही नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर आखिरकार शानदार जीत हासिल कर ली। भारतीय टीम पहले खेलते हुए पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी के आगे 119 रन ही बना पाई थी। विराट कोहली 4, सूर्यकुमार 7 तो हार्दिक 7 ही रन बना पाए थे। लक्ष्य क पीछा करने उतरी पाकिस्तान को रिजवान का साथ मिला लेकिन भारतीय टीम ने अंत के ओवरों में ऐसी कसी हुई गेंदबाजी की पाकिस्तानी बल्लेबाज रन बनाने के लिए तरस गए और 6 रन से मैच गंवा दिया। अहम मुकाबले में टीम इंडिया की जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी खुश दिखे।

रोहित ने मैच के बाद कहा कि हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। अपनी पारी के आधे समय तक हम अच्छी स्थिति में थे। हमने वहां पर्याप्त साझेदारी नहीं की और बल्लेबाजी में पिछड़ गए। पिच में काफी कुछ था। ईमानदारी से कहूं तो पिछले गेम की तुलना में यह अच्छा विकेट था। लेकिन ऐसी गेंदबाजी लाइनअप के सामने आपको आत्मविश्वास से खेलना होता है। मंच के आधे रास्ते में जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे, हमने सभी को एक साथ बुलाया और कहा कि अगर यह हमारे साथ हो सकता है, तो यह उनके साथ भी हो सकता है। हर किसी का थोड़ा सा योगदान बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है। वहीं, प्रशंसकों पर रोहित ने कहा कि यह शानदार थी। हम जहां भी खेलते हैं वे कभी निराश नहीं करते। मुझे यकीन है कि वे बड़ी मुस्कान के साथ घर जाएंगे। यह तो बस शुरुआत है, हमें अभी लंबा सफर तय करना है।

**ऐसा रहा मुकाबला**

भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए ऋषभ पंत के 42 और अक्षर पटेल के 20 रनों की बदौलत 119 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तानी टीम ने एक समय 14 ओवर में 80 रन बना लिए थे। लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की और पाकिस्तान को 113 रनों पर रोक लिया और टीम को 6 रनों से जीत दिला दी।

### टी-20 वर्ल्ड कप

## उसने जानबूझ कर गेंदें बर्बाद कीं...



### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर लगाया संगीना आरोप

**कराची/न्यूयार्क (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान की टीम न्यूयॉर्क में रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। इस बीच उसने 59 गेंद पर कोई रन नहीं बनाया। भारत ने यह मैच छह रन से जीता। वसीम ने 23 गेंद पर 15 रन बनाए। मलिक ने कहा, 'आप उसकी (वसीम) पारी पर गौर करो तो ऐसा लगता है कि वह रन बनाने के बजाय गेंदें बर्बाद कर रहा है और लक्ष्य का पीछा करते हुए चीजों को मुश्किल बना रहा है।'

एक अन्य पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को लगता है कि पाकिस्तान की टीम में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है तथा कुछ खिलाड़ियों को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है। अफरीदी ने कहा, 'एक कप्तान सभी को साथ लेकर चलता है। वह या तो टीम को बर्बाद करता है या उसको अच्छा बना देता है। विश्व कप को समाप्त होने दो इसके बाद में खुलकर बात करूंगा।' उन्होंने कहा, 'शाहीन (अफरीदी) के साथ मेरा ऐसा रिश्ता है कि अगर मैं उसके बारे में बात करूंगा, तो लोग कहेंगे कि मैं अपने दामाद का पक्ष ले रहा हूं।' अफरीदी की बेटी की शादी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन के साथ हुई है जिन्हें विश्व कप से ठीक पहले कप्तान पद से हटा दिया गया था। उनके कप्तान रहते हुए पाकिस्तान ने केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ एक श्रृंखला खेली। पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुआई वाली टीम सुपर आठ चरण में पहुंचने की हकदार नहीं है। अख्तर ने एक्स पर जारी एक वीडियो में कहा, 'निराश और आहत होने पर पोस्ट करना स्वाभाविक है। पूरा देश निराश और हताश है। मनोबल गिरा हुआ है। किसी तरह आपको जीतने का इरादा दिखाना होगा। क्या पाकिस्तान सुपर आठ में जगह नहीं बन पाने का हकदार है? खुदा जाने।' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम में आत्मविश्वास की कमी दिखी। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी खराब पिच पर बहुत अच्छे मैच देखने को मिल जाते हैं। यह उनमें से एक मैच था। बहुत सरल सी बात है, पाकिस्तान को विश्वास ही नहीं था कि वह जीत सकता है।'

## बाबर आजम की कप्तानी फिर छिनेगी...? शाहिद अफरीदी का आरोप- टीम को बर्बाद कर रहा, पीसीबी बोला- करेंगे ऑपरेशन



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप में हार के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है। भारत के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में पाकिस्तान के सामने 120 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार नकवी ने न्यूयॉर्क में कहा, 'मुझे लगता था कि मैच जीतने के लिए टीम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है लेकिन अब लगता है कि टीम में आमूलचूल बदलाव करने होंगे।' दूसरी ओर, पूर्व कप्तान और टी20 विश्व कप में ब्रांड एम्बेसडर शाहिद अफरीदी ने बड़ा आरोप लगाया है।

मैच में कॉमेंट्री कर रहे अफरीदी ने हार के बाद कहा- टीम में कुछ प्लेयर्स को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है। कप्तान हर किसी को साथ लेकर चलने वाला होना चाहिए, जबकि पाकिस्तान टीम में ऐसा नहीं हो रहा है। टीम बर्बाद हो रही है। शाहीन के साथ मेरा रिश्ता है। अगर मैं उसके बारे में बात करूंगा तो लोग कहेंगे कि मैं अपने दामाद का पक्ष ले रहा हूं। बता दें कि शाहीन अफरीदी को वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद टीम का कप्तान बनाया गया था, जबकि बाबर आजम को हटा दिया गया था, लेकिन इस टी20 विश्व कप से पहले फिर कप्तान बना दिया गया। इस बात से शाहिद नाराज थे। उन्होंने उस समय कहा था कि अगर किसी को कप्तान बनाया है तो विश्वास करो। उसे टाइम दो। सिर्फ एक ही सीरीज बाद हटाना था तो कप्तान बनाना ही नहीं चाहिए था।

**पीसीबी बोला- टीम को सुधारने के लिए किया जाएगा अब ऑपरेशन** - नकवी ने इसके साथ कहा कि अब उन खिलाड़ियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है जो पिछले कुछ समय से टीम से बाहर हैं। उन्होंने कहा, 'हमने जिस तरह से अमेरिका और अब भारत के खिलाफ मैच गंवाए, वह बेहद निराशाजनक है। हमें अब उन खिलाड़ियों पर गौर करना होगा जो इस समय टीम में नहीं हैं।' नकवी ने कहा, 'हर कोई पूछ रहा है कि टीम अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर रही है। अभी विश्व कप चल रहा है लेकिन निश्चित तौर पर हमें हर चीज पर गौर करने की जरूरत है।' पाकिस्तान को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ अगले दो मैच में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी और अन्य टीमों के परिणाम उसके अनुकूल रहने के लिए दुआ भी करनी होगी।

## शास्त्री ने ऋषभ पंत को प्रेरणादायक बताया, कहा- अच्छा काम करते रहिए



**न्यूयॉर्क (अमेरिका) (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान पर भारत की रोमांचक जीत के बाद पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री ने बहुप्रतीक्षित मुकाबले में बल्ले और दस्ताने दोनों से अपने प्रदर्शन के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की तारीफ की। मैच के बाद पंत को ड्रेसिंग रूम में शास्त्री से उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पदक मिला, जिसमें उन्होंने तीन शानदार कैच लपके। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 31 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 42 रन की महत्वपूर्ण पारी भी खेली। पंत के साथ सड़क दुर्घटना के समय को याद करते हुए 52 वर्षीय पंत ने कहा कि जब उन्होंने इस घटना के बारे में सुना तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में शास्त्री ने कहा, मैं ऋषभ के लिए बस इतना ही कहूंगा, शानदार प्रदर्शन। जब मैंने उसके एक्सीडेंट के बारे में सुना तो मेरी आंखों में आंसू आ गए। जब ??मैंने उसे अस्पताल में देखा तो उसकी हालत और भी खराब थी। और फिर वहां से वापस आकर भारत बनाम पाकिस्तान के सबसे बड़े मैचों में से एक में ए-जोन में वापस आना दिल को छू लेने वाला है। कमेंटेटर ने बाएं हाथ के बल्लेबाज की बल्लेबाजी के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पंत क्या करने में सक्षम है।

## कार्लोस अल्कारेज ने ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीता



**पेरिस (एजेंसी)।** कार्लोस अल्कारेज ने रविवार को यहां फ्रेंच ओपन पुरुष एकल फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 5 सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। स्पेन के तीसरे वरीय अल्कारेज ने चौथे वरीय ज्वेरेव को 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। ज्वेरेव के खिलाफ 10 मैच में यह अल्कारेज की 5वीं जीत है।

21 साल के अल्कारेज अपने देश के दिग्गज रफेल नडाल को रोलां गैरो पर 14 ट्रॉफी जीतते हुए देखते हुए बड़े हुए हैं और अब वह नडाल को पछाड़कर तीन सतहों पर मेजर चैंपियनशिप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। जब नडाल ने यह कारनामा किया था तब उनकी उम्र अल्कारेज से लगभग डेढ़ साल अधिक थी। यह 2004 के बाद पहला फ्रेंच ओपन फाइनल है जिसमें नडाल, नोवाक जोकोविच या रोजर फेडरर नहीं खेल रहे थे।

खिताबी मुकाबले के दौरान तीन सेट के बाद अल्कारेज 1-2 से पीछे चल रहे थे लेकिन अंतिम दो सेट आसानी से जीतकर तीसरा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने में सफल रहे। इससे पहले अल्कारेज 2022 में हार्ट कोर्ट पर अमेरिकी ओपन और 2023 में ग्रास कोर्ट पर विंबलडन खिताब जीत चुके हैं।

## भारत से हारकर बोले बाबर आजम- अब हमें आखिरी दोनों मैच जीतने होंगे



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** पाकिस्तान आखिरकार फिर से टी20 विश्व कप में भारतीय टीम से हार गई। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में हालांकि पाकिस्तान के पास जीतने का बड़ा अवसर था क्योंकि भारतीय टीम पहले खेलते हुए 119 रन ही बना पाई थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान एक समय तीन विकेट पर 80 रन बना चुकी थी लेकिन बाद उनके बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए। मोहम्मद रिजवान का विकेट गिरते ही बल्लेबाजों की झड़ी लग गई। पुछल्ले बल्लेबाजों ने कई डॉट गेंदें खेलीं जिससे टीम इंडिया ने दबदबा बना लिया और अंत में छह रन से जीत हासिल कर ली। यह विश्व कप में भारतीय टीम की पाकिस्तान पर सातवीं जीत है।

बहरहाल, पाकिस्तान की हार पर कप्तान बाबर आजम ने कहा कि हमने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन जब बल्लेबाजी आई तो लगातार दो विकेट गंवा दिए। हमने काफी डॉट गेंदें भी खेलीं। सामान्य रूप से

## टी20 विश्व कप: अफगानिस्तान से हार के बाद इयान स्मिथ ने न्यूजीलैंड की तैयारी पर उठाए सवाल

**प्रोविडेंस (गुयाना) (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ ने टी20 विश्व कप में अपने देश की टीम की तैयारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ मिली शर्मनाक हार के दौरान टीम पूरी तरह से अव्यवस्थित दिखी जिसने अच्छी तरह अभ्यास नहीं किया हो। न्यूजीलैंड को शुक्रवार को टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में अफगानिस्तान से 84 रन से उलटफेर का सामना करना पड़ा।

टीम 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 75 रन पर सिमट गई जिसमें अफगानिस्तान के लिए राशिद खान और फजलहक फारूकी ने चार चार विकेट झटके। न्यूजीलैंड की टीम अब ग्रुप सी में पांचवें और अंतिम स्थान पर बनी हुई है और टीम का अगला मैच बुधवार को त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज से होगा। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट नेगेटिव है जिससे उसके लिए नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करना काफी मुश्किल होगा।

न्यूजीलैंड के लिए 63 टेस्ट और 98 वनडे खेल चुके स्मिथ ने कहा, 'उन्हें वेस्टइंडीज को हराना होगा और साथ ही उम्मीद करनी होगी कि अफगानिस्तान की टीम वेस्टइंडीज को हरा दे क्योंकि न्यूजीलैंड का नेट रन रेट इतना खराब है। उन्होंने कहा, 'नहीं पता कि अफगानिस्तान के खिलाफ इतने लचर प्रदर्शन के बाद वे कितनी तेजी से उबरते हुए अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। वे किस तरह की टीम का चयन करेंगे? क्या वे टीम में कोई बदलाव करेंगे? उन्होंने जिन्हें खिलाया, उन्होंने कोई क्रिकेट भी नहीं खेला है।

न्यूजीलैंड की टीम 2022 टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल तक पहुंची थी जिसमें डेवोन कोनवे, केन विलियमसन और डेरिल मिशेल का प्रदर्शन शानदार रहा था। लेकिन कोनवे चोट की वजह से लंबे समय से बाहर रहने के बाद टीम में वापसी कर रहे



हैं और फिन एलेन अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पा रहे हैं जिससे चीजें न्यूजीलैंड के लिए अच्छी नहीं दिख रही हैं जो अपनी खेल रणनीति और प्रतिस्पर्धी जज्बे के लिए मशहूर है। साथ ही न्यूजीलैंड एक भी आधिकारिक अभ्यास मैच खेले बिना ही विश्व कप में खेल रही है।

स्मिथ ने कहा, 'ऐसा लगा कि कोनवे अभ्यास करके नहीं आया है, बल्कि बहुत औसत लग रहा था। वह पिछले कुछ समय से बल्ले से फॉर्म में भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'साथ ही चोटों के कारण कोनवे ने इंडियन प्रीमियर लीग में भी कोई क्रिकेट नहीं खेला जबकि वह अनुबंधित था। इसके बावजूद वे मानते हैं कि उन्हें इस टूर्नामेंट के लिए एक विशेषज्ञ विकेटकीपर की जरूरत नहीं है। फिन एलेन पहली गेंद पर शून्य पर आउट हुए और कोनवे महज आठ रन ही बना सके। स्मिथ ने कहा, 'उन्होंने अफगानिस्तान पर शुरू में दबाव बनाने के मौके गंवा दिए। इस मैच को जीतने के लिए उन्हें सिर्फ एक भागीदारी की जरूरत थी। मैंने अभी तक जितने भी न्यूजीलैंड के मैच देखे हैं, उसमें खेल के सभी पहलुओं को देखा जाये तो शायद यह टीम के सबसे खराब प्रदर्शन में से एक था।% उन्होंने टीम के खराब क्षेत्ररक्षण की आलोचना करते हुए कहा, 'टीम अव्यवस्थित और बिना अभ्यास के खेल रही थी। वे बिना तैयारी के थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### रिकांगपिओः जिला में काशंग व सांगला कंडे में ग्लेशियर के पिघलने से बनीं कृत्रिम झीलें

**किन्नौर, एजेंसी।** जिला किन्नौर के काशंग व सांगला कंडे में ग्लेशियर के पिघलने से कृत्रिम झील बनने की सूचना मिली है। यह जानकारी डीसी किन्नौर डा. अमित कुमार शर्मा ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि जिला किन्नौर में मानसूनी आफत से किस प्रकार से जानमाल के नुक्सान से बचा जा सके, उसे लेकर किन्नौर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं तथा जिला किन्नौर में भूस्खलन, बाढ़ और ग्लेशियर पिघलने से बनने वाली कृत्रिम झीलें सबसे बड़ा खतरा हैं। उन्होंने बताया कि किन्नौर जिले के सांगला कंडे और काशंग कंडे में ग्लेशियर पिघलने से 2 कृत्रिम झीलें बनने की जानकारी मिली है और शीघ्र ही एनआरएससी और सी टाइप के माध्यम से एक्सपिटिशन भी किया जाएगा कि यदि भविष्य में ये कृत्रिम झीलें टूटती हैं तो इससे सांगला वैली और काशंग कंडे के आसपास आने वाले क्षेत्रों को नुक्सान होगा या नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि किन्नौर जिले में आपदाओं से निपटने के लिए 14 जून को मॉकड्रिल भी आयोजित की जाएगी तथा इस मॉकड्रिल में आईटीबीपी, पुलिस व होमगार्ड सहित अन्य विभाग भाग लेंगे। विदित रहे कि इससे पूर्व भी वर्ष 2000 तथा 2005 में तिब्बत के पारछू में बनी कृत्रिम झील के टूटने से सतलुज नदी में आई बाढ़ से नदी का जल स्तर बढ़ गया था, जिससे जिला किन्नौर सहित रामपुर में भी भारी तबाही हुई थी और यदि भविष्य में सांगला व काशंग कंडे में बनी कृत्रिम झीलें भी टूटती हैं तो भारी तबाही हो सकती है, ऐसे में किन्नौर प्रशासन ने प्राइमरी स्तर पर ही इन कृत्रिम झीलों की मॉनीटरिंग शुरू कर दी है, ताकि इन घटनाओं को टाला जा सके या नुक्सान के आंकड़े को कम से कम किया जा सके।

### 28 जुलाई से शुरू होगा अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला, राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

**चम्बा, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला इस बार 28 जुलाई से 4 अगस्त तक मनाया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर रविवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक के दौरान मिंजर मेला कमेटी के सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यों से सुझाव लिए गए। इसे पूर्व डीसी चम्बा मुकेश रेप्सवाल ने अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले के लिए तैयार की गई रूपरेखा के बारे में मंथन किया। मेले के शुभारंभ पर राज्यपाल और समापन समारोह में मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, निमंत्रण कार्ड बनाने, थीम विषय का चयन, खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन, मेले के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सदर विधायक नीरज नैयर ने बताया कि चम्बा में कार्यरत जल विद्युत प्रोजैक्ट से मिंजर के आयोजन को लेकर राशि बढ़ाने की मांग की गई, ताकि मेले के दौरान जो भी बजट की कमी होती है उसे पूरा किया जा सके। डीसी चम्बा ने बताया कि पिछले वर्ष 3 करोड़ 62 लाख रुपए खर्च किए गए थे।

# अजित गुट ने ठुकराया मोदी सरकार में स्वतंत्र प्रभार, विधायकों के संपर्क में शरद पवार

**नई रार के आसार?**



**मुंबई, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्रिमंडल में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) ने मंत्री पद ठुकरा कर एक बार फिर महाराष्ट्र की राजनीति में भावी समीकरणों को लेकर अटकलों का दौर शुरू कर दिया है। मंत्रिमंडल में अजीत गुट से प्रफुल्ल पटेल को स्वतंत्र प्रभार का मंत्री बनाने का ऑफर था। लेकिन, उन्होंने ऑफर यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वे पहले कैबिनेट मंत्री रहे हैं और स्वतंत्र प्रभार स्वीकार करना उनके लिए डिमोशन होगा।

माना जा रहा है कि उचित महत्व नहीं मिलने से राजग सहयोगी अजित पवार की पार्टी राकांपा नाराज है। हालांकि, प्रफुल्ल ने राजग में किसी तरह के मतभेद से इनकार किया है। राकांपा नेता पटेल ने कहा कि उनको भाजपा ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का ऑफर दिया था, उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। मैं पहले कैबिनेट मंत्री रह चुका हूं, इसलिए अब अपना पद गिराना नहीं चाहता। ये उनका डिमोशन होगा। प्रफुल्ल यूपीए सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री रह चुके हैं।

उन्होंने कहा कि आज हमारे पास एक लोकसभा और एक राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन अगले 2-3 महीनों में हमारे पास राज्यसभा में कुल 3 सदस्य होंगे। संसद में सांसदों की संख्या 4 होगी, इसलिए हमने कहा कि हमें एक (कैबिनेट मंत्रालय) सीट दी जानी चाहिए।

अजित पवार ने भी यही मांग दोहराई। अजित पवार ने कहा कि हमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के बारे में सूचना मिली, लेकिन प्रफुल्ल खुद कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। हमें खुशी है कि उन्होंने हमें सूचना दी, लेकिन उनके लिए यह पद लेना थोड़ा कठिन था। मतभेद की, जो अटकलें लगाई जा रही हैं वह गलत है।

इसके पहले खबर आई थी कि राकांपा में कैबिनेट मंत्री के पद को लेकर घमासान शुरू हो गया है। सामने आया था कि पार्टी के खाते में एक मंत्री पद गया है, जिसे लेकर दो वरिष्ठ नेताओं प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे के बीच मतभेद शुरू हो गया है। दोनों ही नेताओं ने राकांपा को मिल रहे कैबिनेट मंत्री के पद पर दावा ठोंका है। दोनों में से कोई भी अपनी दावेदारी छोड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि, बाद में राकांपा ने इसे गलत बताया। फिलहाल इस घटनाक्रम ने एक बार फिर कई तरह की अटकलों को जन्म दे दिया है।

**शरद गुट के संपर्क में कई नेताः** लोकसभा चुनाव के बाद से महाराष्ट्र में कई तरह की हलचल चल रही है। राकांपा शरद पवार गुट की ताकत बढ़ने के बाद अजित गुट के कई नेता उनके संपर्क में बताए जाते हैं। सीनियर पवार काफी सक्रिय हैं और माना का रहा है कि इसका असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। अजित पवार गुट लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद से बैकफुट पर है। पवार परिवार में भी कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। इसी तरह शिवसेना के दोनों धड़ों को लेकर भी अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र में इसी साल चुनाव है और उसके पहले कई नए सियासी समीकरण राज्य की राजनीति में देखने को मिल सकते हैं।

## पंकजा मुंडे हारीं तो जिंदा नहीं बचूंगा, ऐसा कहने वाले ट्रक चालक की हादसे में मौत

**बीड, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी की नेता पंकजा मुंडे की बीड लोकसभा सीट से हारने की स्थिति में जीवित नहीं रहने का दावा करने वाले 38 वर्षीय ट्रक चालक की शुक्रवार रात को बस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस इसे आत्महत्या का मामला होने का संदेह जता रही है। किंगांव पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना रात करीब नौ बजे बोरगांव पटी के पास अहमदपुर-अंधोरी सड़क पर हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान लातूर जिले में स्थित अहमदपुर के येस्टार निवासी सचिन कोंडीबा मुंडे (38) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा, बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि यह एक दुर्घटना थी या आत्महत्या का मामला था। यह तब हुआ जब यल्दरवाड़ी नाइट हॉल्ट बस बोरगांवपटी में रुकी। सचिन बस के पीछे खड़ा था और जब बस पीछे जाने लगी तब तभी वह उसकी चपेट में आ गया। किनगांव पुलिस थाना के सहायक निरीक्षक भाऊसाहेब खंडारे ने बताया कि जांच के तहत महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस को जब्त कर लिया गया है। मृतक अविवाहित था और अपने माता-पिता और भाई के साथ रहता था। उसने एक वीडियो जारी करके दावा किया था कि अगर पंकजा मुंडे चुनाव हार गईं तो सचिन जिंदा नहीं रहेगा। उस समय यह वीडियो वायरल हो गया था।



## जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले में राजस्थान के 5 लोग लापता, सीएम ने दिल्ली से संपर्क साधा





**जयपुर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को पर्यटकों के बस पर हुए आतंकी हमले में 10 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई थी। इस बस में सवार राजस्थान के चौमूं (जयपुर) के एक बच्चा सहित 5 लोग लापता हैं। यहां से 5 यात्री तीर्थयात्रा पर गए थे। एक यात्री घायल है। सीएम भजनलाल शर्मा ने लापता लोगों के बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों से बात की है।उल्लेखनीय है कि श्रीनगर जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस रविवार को आतंकियों की गोलीबारी के बाद खाई में गिर गई। इससे 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 33 घायल हो गए। इस घटना में राजधानी जयपुर के चौमूं इलाके के पांच लोग बताए जा रहे है। बताया जा रहा है कि चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से फोन पर बातचीत की है। जिसके बाद सीएमओ से जम्मू-कश्मीर व गृह मंत्रालय से संपर्क साधा जा रहा है। साथ ही पूर्व विधायक ने परिजनों को ढाढ़स बंधाया है।

**जयपुर के चौमूं के रहने वाले हैः** इस घटना में राजस्थान के चौमूं इलाके के 5 लोग लापता बताए जा रहा है। जिनमें राजेंद्र सैनी, ममता, पवन, पूजा सैनी, लिवांश के नाम की पहचान हुई है। ये सभी पांच लोग अपने परिवार के साथ वैष्णो माता के दर्शन के लिए गए थे। हालांकि उनकी बात पवन नाम के शख्स से हो चुकी है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री से बातचीत की है। जिसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रशासन को इस मामले सक्रिय रहने के निर्देश दिए है। एसएसपी मोहित शर्मा के मुताबिक बस शिवखोड़ी मंदिर से कटरा लौट रही थी।

## विदेशी पक्षियों और जीवों की तस्करी का पर्दाफाश, स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत का संदेह





**बुलन्दशहर, एजेंसी।**
बुलन्दशहर में विदेशी पक्षियों और जीवों की तस्करी का काला खेल उजागर हुआ है। मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने सोमवार को सुबह चांदपुर रोड स्थित एक ठिकाने पर छापा मारकर इस अवैध धंधे का भंडाफोड़ किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने बुलन्दशहर सिटी कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर रोड पर छापा मारा। इस दौरान 11 प्रजातियों के 50 से अधिक जीव, जिनमें विदेशी केकड़े, बिच्छू, सांप, चील, ड्रेगन, कलरफुल बर्ड्स और पैरट शामिल थे, बरामद किए गए। इस अवैध धंधे को स्थानीय फारेस्ट विभाग की मिलीभगत से संचालित किया जा रहा था। बिना रजिस्ट्रेशन के विदेशी पक्षियों और जीवों की खरीद-बिक्री की जा रही थी। छापेमारी के दौरान जीवों की देखभाल करने वाले एक कर्मचारी को हिरासत में लिया गया है। यह ऑपरेशन तीन घंटे से अधिक समय तक चला, जिसमें मध्य प्रदेश फारेस्ट विभाग को बड़ी सफलता मिली है।

**घटनास्थल और छापेमारी की जानकारीः** मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने बुलन्दशहर के चांदपुर रोड पर चल रहे इस अवैध धंधे को पकड़ने के लिए गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही की। टीम ने मौके पर पहुंचकर विदेशी जीवों की तस्करी में संलिप्त व्यापारियों को रंगे हाथ पकड़ा। बरामद किए गए जीवों में ड्रेगन, सांप, बिच्छू और कई रंग-बिरंगे पक्षी शामिल थे।

**स्थानीय प्रशासन ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया::** स्थानीय प्रशासन ने इस कार्यवाही पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन स्थानीय लोगों ने इस अवैध धंधे के खिलाफ आवाज उठाई है। लोगों का कहना है कि इस प्रकार की तस्करी से न केवल वन्य जीवों को खतरा है, बल्कि यह पर्यावरण और स्थानीय पारिस्थितिकी को भी प्रभावित कर रही है। मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने इस सफलता के बाद स्थानीय फारेस्ट विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू करने का संकेत दिया है।

## हैती के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री गैरी कोलिने की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में हुए भर्ती



**पोर्ट-औ-प्रिंस, एजेंसी।** हैती के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री गैरी कोनिले शनिवार देर रात देश की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के एक अस्पताल में भर्ती हुए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि कोनिले को अस्पताल में भर्ती क्यों होना पड़ा। कोनिले को हाल में संकटग्रस्त कैरेबियाई देश का नेता चुनने वाली सत्ता हस्तांतरण राष्ट्रपति परिषद के सदस्य लुईस गेराल्ड गिल्स ने बताया कि वह अस्पताल जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं है। कोनिले को एक जटिल चयन प्रक्रिया के बाद 28 मई को प्रधानमंत्री चुना गया था। कोनिले जनवरी 2023 से लातिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के लिए यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) के क्षेत्रीय निदेशक के तौर पर सेवारत थे और देश से बाहर रहकर काम कर रहे थे। वह एक जून को हैती आए। इससे पहले वह अक्टूबर 2011 से मई 2012 तक हैती के प्रधानमंत्री थे।

## फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रों ने संसद भंग की:यूरोपीय संघ चुनाव में हार को देखते हुए फैसला लिया

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चौंकाने वाला कदम उठाते हुए नेशनल एसेंबली भंग कर दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने यूरोपीय संसद के चुनाव में पार्टी की बड़ी हार होते देख ये फैसला किया। एग्जिट पोल के मुताबिक मैंक्रों की रिनेसां पार्टी रविवार को हुए यूरोपीय संसदीय चुनाव में मरीन ली पेन की दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली से हार रही है। एग्जिट पोल के अनुमानों के मुताबिक नेशनल रैली को 31.50 प्रतिशत वोट मिल रहे हैं जबकि रिनेसां पार्टी को सिर्फ 15.20प्रतिशत मिल रहे हैं। 14.3प्रतिशत वोट के साथ सोशलिस्ट पार्टी तीसरे नंबर पर रह सकती है। फ्रांस में चुनाव की घोषणा कर दी गई है। वोटिंग 30 जून और 7 जुलाई को होंगे। एग्जिट पोल आने के बाद नेशनल रैली के नेता जॉर्डन बार्डेला ने मैक्रों से संसद भंग करने का आह्वान किया था। एग्जिट पोल आने के कुछ घंटे बाद ही मैक्रों ने राष्ट्रीय संबोधन में संसद के भंग करने की घोषणा की। उन्होंने जनता से कहा, ये नतीजे सरकार के लिए विनाशकारी हैं। मैं इसे अनदेखा नहीं कर सकता। मैंने संसद भंग कर दी है। अब आपके पास अपना राजनीतिक भविष्य चुनने का विकल्प है। मुझे यकीन है कि आप सही फैसला लेंगे। फ्रांस की नेशनल असेंबली में 577 मेंबर होते हैं। वहां पर राष्ट्रपति पद के लिए अलग से चुनाव होता है। ऐसे में यदि यदि रिनेसां पार्टी हार जाती है तो भी मैक्रों पद पर बने रहेंगे। हालांकि मरीन ली पेन की नेशनल रैली यदि नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल कर लेती है, तो मैक्रों बेहद कमजोर राष्ट्रपति बन जाएंगे और उन्हें संसद में अहम फैसले लेने के लिए विपक्षी पार्टियों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

## पाकिस्तान सरकार पर उनके साथी दल पीपीपी ने लगाया गंभीर आरोप, कहा- बजट के बारे में नहीं की कोई चर्चा



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार के 12 जून को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश करने की संभावना जताई जा रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने बताया कि गठबंधन सहयोगी होने के बावजूद सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार ने आने वाले संघीय बजट पर उनसे परामर्श ही नहीं किया। रविवार को मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने पीएम शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी पर बजट संबंधी चर्चा न करने का आरोप लगाया। यह भी बताया कि बजट के लिए उन्हें विश्वास में नहीं लिया गया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता सैयद खुर्शीद अहमद शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने न तो हमें बजट के संबंधित कुछ बताया और न ही हमें विश्वास में लिया। सैयद खुर्शीद अहमद शाह ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि हमें नहीं पता कि पीएमएल-एन निजीकरण नीति, करों, विकास कार्यक्रमों के बारे में क्या कर रही है। पीपीपी के शाह ने कहा कि बिलावल भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी को राहत के बारे में कुछ भी पता नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि सरकार बजट बना रही है या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का बजट थोपा जा रहा है। बता दें कि 8 फरवरी को आम चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगाए गए। इसके बाद पीएमएल-एन और पीपीपी ने खंडित चुनावी नतीजों के बाद गहन बातचीत के बाद गठबंधन सरकार बनाई। उन्होंने अपना दुख प्रकट करते हुए बताया कि बजट में पीपीपी के प्रस्तावों को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा, लोग हमसे पूछेंगे कि हमने क्या किया है। क्या हम उन्हें बताएंगे कि हमें इसके बारे में पता ही नहीं है? शाह ने यह भी कहा कि पार्टी को बजट के बारे में लिए जाने वाले निर्णयों की राजनीतिक रूप से जांच करनी होगी।

## यूरोपीय संसद चुनाव में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर, फ्रांस, इटली, जर्मनी में प्रचंड जीत



**पेरिस, एजेंसी।** यूरोपीय संघ के संसदीय चुनावों में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर देखने को मिली है और कई ऐसे यूरोपीय देश हैं, जहां दक्षिणपंथी पार्टियों ने जीत हासिल की है, और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार देर शाम यूरोपीय संसद की 705 सीटों पर चुनाव खत्म होने के बाद आए एग्जिट पोल में 27 सदस्य देशों वाले इस ब्लॉक में दक्षिणपंथी पार्टियों का बोलबाला दिखाई दे रहा है, जिसका सबसे बड़ा संकेत ये है, कि फ्रांस, जर्मनी और ऑस्ट्रिया जैसे देशों की मौजूदा सरकार पर अब खतरे के बादल मंडरा रहे हैं और सत्ता परिवर्तन प्रबल हो गया है।

यूरोपीय संसद के चुनावी नतीजों से सबसे बड़ा संकेत ये है, कि यूरोपी में सत्ता विरोधी लहर काफी तेज हो गई है। एग्जिट पोल से पता चलता है, कि 150 से ज्यादा सीटों पर दक्षिणपंथी पार्टियों का कब्जा होने वाला है, जिससे मुख्यधारा की पार्टियों के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल हो जाएगा।

**फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रों ने किया संसदीय चुनाव का ऐलानः** फ्रांस में, धूर दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन की नेशनल रैली पार्टी ने राष्ट्रपति मैक्रों की ध्यमार्गी पार्टी रेनेसॉ पार्टी को शिकस्त दे रही हैं, जिसके बाद राष्ट्रपति मैक्रों ने अचानक देश में संसदीय चुनाव की घोषणा कर दी है, जिसे जोखिम भरा कदम माना जा रहा है। ऐसे अनुमान हैं, कि नेशनल रैली पार्टी देश में प्रचंड जीत हासिल कर सकती है और मैक्रों की पार्टी को भारी नुकसान हो सकता है, जिसका असर उनके राष्ट्रपति कार्यकाल पर पड़ेगा, जो अभी 3 साल बाकी है। एग्जिट पोल में यूरोपीय संसदीय चुानव में नेशनल रैली को लगभग 33 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना है और आने वाली यूरोपीय संसद में उसके 31 सीटें जीतने का अनुमान है, जबकि मैक्रों की पार्टी को सिर्फ 15 प्रतिशत वोट ही मिलने का अनुमान है। वहीं, फ्रांस में संसदीय चुनाव होने के बाद मरीन ले पेन ने कहा है, कि हम देश को बदलने के लिए तैयार हैं, फ्रांस के हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं, मास इमिग्रेशन को खत्म करने के लिए तैयार हैं। वहीं, राष्ट्रपति मैक्रों ने मैक्रों ने हार की गंभीरता को स्वीकार किया है। उन्होंने एक टेलीविजन संबोधन में कहा है, कि मैंने आपका संदेश, आपकी चिंताएं सुनी हैं और मैं उन्हें टाल नहीं सकता। फ्रांस को शांति और सद्भाव से काम करने के लिए स्पष्ट बहुमत की जरूरत है। मैक्रों ने कहा, अचानक चुनाव बुलाना लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं, जर्मनी में, दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी पार्टी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जो अगले साल होने वाले संघीय चुनाव से पहले पार्टी की मजबूती को दर्शाता है। यूरोसेप्टिक पार्टी को 16 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने का अनुमान है, जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हो सकता है और जर्मन चांसलर स्कोल्ज़ के गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियों की तुलना में उसके वोट प्रतिशत का हिस्सा ज्यादा है। वहीं, संघीय स्तर पर विपक्ष में रहने वाले क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन और क्रिश्चियन सोशल यूनियन के कंजर्वेटिव गठबंधन ने लगभग 30 प्रतिशत वोट के साथ एग्जिट पोल में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। रविवार को खत्म हुए यूरोपीय संसद चुनाव में जर्मनी की ग्रीन पार्टी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है और उसे 8.5 प्रतिशत वोट गंवाने पड़े हैं और सिर्फ 12 प्रतिशत वोटों के साथ उसे संतुष्ट करना पड़ रहा है। माना जा रहा है, कि जर्मनी में अवैध प्रवासी, यूक्रेन को लगातार फंडिंग और कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन कम करने नाकामी को लेकर लोगों में भारी रोष है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129